जैन सिद्धान्त भास्कर

THE JAINA ANTIQUARY

VOL 44 DECEMBER 1991 NO. 1-2

श्री देवकुमार जैन ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट
आरा (बिहार)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सिद्ध परमेष्ठी राम की पूजा एवं आरती

सिद्ध प्रभु परमेष्ठो तुम हे राम।
त्यागो महा तपस्वी तुम हे राम ॥
तेरी पूजा करके सीता सती हुई,
भरत लक्ष्मण भ्रातृ भक्ति है अमर हुई।
काम देव हनुमान हुए पूजित जग में,
मर्यादा पुरुषोत्तम तिष्ठों मम हिय में ॥

सागर पार किया विशाल, पहूँचे लंका अविराम,
भव सागर मम पार करो तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठो ... ... (जलं)

हरा कैकेयी ताप तजा घर वैभव ग्राम,
हरलो मम भव ताप तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठी.... ... ... (चन्दनं)

दिया भरत को राज्य जगाय भक्ति ललाम,
दो अक्षय पद भक्ति हमें तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठो ... ... (अक्षतं)

त्यागा सीता को होकर बिलकुल निष्काम,
मेरी काम व्यथा जाए जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठो ... ... (पुष्पं)

छप्पन व्यंजन त्याग पए जंगल के धाम,
मेरी क्षुधा मिटाओ, तो हम जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठी ... ... (नैवेद्यं)

दशरथ मात् कौशल्या छोड़े मित्र छदाम,
वैसे मेरा मोह मिटे तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठा ... ... (दीपं)

आठों कर्म जलाया जग में हुए सुनाम,
शक्ति मुझे वैसी ही दो तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठी ... ... (धूपं)

जीवन में पुरुषोत्तम, मरण अमर विश्राम,
वही मोक्ष पद मुझे मिले तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठी ... ... (फलं)

रत्नत्रय अनर्घ्य पद धारी तुम हे राम,
भाव अर्घ्य से मिले वही तो जाने राम।
सिद्ध प्रभु परमेष्ठी ... ... (अर्घ्यं)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

जैन सिद्धान्त भास्कर

जैन पुरातत्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

वि० सं० २०४८ वीर निर्वाण सं० २५१८

दिसम्बर १९९१

भाग-४४ किरण १-२

सम्पादक मण्डल

डॉ० कस्तूरचन्द्र कासलीवाल डॉ० राजाराम जैन

डॉ० आदित्य प्रचण्डिया दीति' डॉ० शशिकान्त

डॉ० ऋषभचन्द्र फौजदार

प्रकाशक

अजय कुमार जैन, मंत्री

श्री देवकुमार जैन ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट

श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा (बिहार)

वार्षिक शुल्क भारत में-५०/- विदेश में-७५/-

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

विषय सूची

		पृष्ठ
१	पूर्वमध्यकालीन भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में गाँव एवं नगर की व्यवस्था —डॉ० कमल कुमारी	१
२	जैन संस्कृति का केन्द्र अजमेर — डॉ० कस्तूर चन्द कासलीवाल	११
३	संस्कृत साहित्य में जैन द्विसन्धान काव्य —डॉ० श्रेयांस कुमार जैन	१५
४	जैनदर्शनसम्मत द्रव्य स्वरूप विश्लेषण (शोध प्रबन्धसार) —डॉ० कमला पन्त	२२
५	तन्दुलकाय मत्स्य और आज के मानव —राष्ट्र सन्त श्री अमरमुनि	२८
६	दिगम्बर जैन मुनि परिषद् का गठन —भागचन्द सोनी, नीरज जैन	२९
७	पूज्य आचार्य श्री चारित्र चक्रवर्ति शान्ति सागर जी महाराज का संक्षिप्त जीवन परिचय	३२
८	दानवीर बाबू हर प्रसाद दास और उनकी संस्थाएँ —ले० मदन मोहन प्रासद वर्मा	३३
९	भगवती सूत्र में भगवान महावीर एवं गोशालक —सु० कु०	३६
१०	आचार्य कुन्द-कुन्द के ग्रन्थों में पुद्गलद्रव्य विचार —डॉ० ऋषभ चन्द्र जैन फौजदार	३७
११	मांडू और संगीताचार्य मंडन मालवा के —अभय प्रकाश जैन	४१
१२	इस्लाम और शाकाहार —जशकरण डागा	४५
१३	क्या अशोक ने संवत् चलाया ? —अभय प्रकाश जैन	४६
१४	स्वर्गीय बाबू प्रभुदास एवं देव कुमार जैन की पुण्य स्मृतियाँ —स्व० अजित प्रसाद जैन, लखनऊ .... अनुवादक–अतुल कुमार जैन	५१
१५	साहित्य-समीक्षा	५६

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

पूर्वमध्यकालीन भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में गाँव एवं नगर व्यवस्था

—डॉ० कमल कुमारी

छठी शताब्दी के अंतिम चरण में गुप्त साम्राज्य के पतन के साथ भारतीय इतिहास के महान् युग का अन्त हुआ और उसके दूरगामी परिणाम हुए। किसी भी महान् साम्राज्य के उत्थान पतन का कारण उसकी भौगोलिक एवं राजनैतिक स्वायत्तताओं के विकेन्द्रीकरण का मूलाधार होता है। यही कारण रहा कि श्री हर्ष की मृत्यु के पश्चात् (६४७) उसका राजवंश एवं राज्य दोनो ही नष्ट हो गये और सम्पूर्ण उत्तर भारत में अराजकता सी छा गई, किन्तु दक्षिण भारत की स्थिति सुदृढ़ बनी रही। उसमें अनेक प्रतापी राजवंशों का उदय हुआ, जैसे राष्ट्रकूट, पल्लव चोल एवं चालुक्य। किन्तु तेरहवीं शताब्दी के प्रथम चरण में दक्षिण के राजनैतिक वैभव का सूर्य भी अस्त हो गया। इस राजनैतिक उत्थान पतन की पृष्ठभूमि ने भारत की भौगोलिक सीमाओं को अत्यन्त प्रभावित किया। उत्तर में हिमालय और दक्षिण में कन्या कुमारी भारत के भौगोलिक विस्तार के दो मूल बिन्दु रहे हैं। सीमा विस्तार जो भी रहा हो, इतना अवश्य है कि किसी भी देश एवं राष्ट्र के सर्वाङ्गीण विकास में उसकी भौगोलिक स्थिति का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। सामाजिक संस्कृति, रहन-सहन का स्तर, आचार-विचार, रीतिरिवाज, वेशभूषा, भोजन-वस्त्र एवं आवासीय व्यवस्था उस देश की भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करता है। प्राचीनतम भौगोलिक समृद्धियों का अवलोकन करते हुए ही हम आधुनिकतम भौगोलिक समृद्धियों का सम्यक्-रूपेण विकास कर सकते है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सातवीं शताब्दी की भौगोलिक परिस्थिति के इर्द-गिर्द हमारी अधिकतर भौगोलिक समस्याएँ कितनी विकसित थीं उसकी जानकारी हेतु हमें तत्कालीन साहित्य का अध्ययन नितान्त अपेक्षित है। उस समय गाँवों एवं नगरों की स्थिति क्या थी, उस प्रसङ्ग में उसका निरूपण भी एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि जीवन-चक्र गाँव, एवं नगर की परिधियों से होता हुआ ही विकास के स्वप्न को साकार कर सकता है। जहाँ के गाँव एवं नगर विकसित होंगे वहाँ का देश अवश्यमेव सुदृढ़, सम्पन्न एवं प्रगतिशील होगा। इस दृष्टि से यहाँ कुछ ग्रामों एवं नगरों की स्थिति पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया जा रहा है :—

ग्राम

विद्वानों ने ग्राम शब्द की परिभाषा करते हुए बतलाया है कि जहाँ बाढ़ से घर एवं खेत घिर जाय, जहाँ किसान एवं शिल्पियों का निवास हो तथा जहाँ पर विविध प्रकार के खेत हों, वह स्थल ग्राम कहलाता है। ग्रामों में भी छोटे एवं बड़े ग्राम होते हैं। महाकवि जिनसेन के अनुसार जिन ग्रामों में सौ या उसके आस-पास कुटुम्ब निवास करते हों, वह छोटा ग्राम एवं इससे अधिक कुटुम्बों के जहाँ निवास हों वे बड़े ग्राम कहलाते हैं।[1]

प्राचीन साहित्य के अनुसार इन छोटे-बड़े ग्रामों के भी अनेक भेद होते थे। जटासिंहनन्दि ने अपने "वराङ्गचरितम" नामक संस्कृत महाकाव्य में उनके आकर, मडम्ब, खेड, व्रज एवं पतन के नाम से उनका उल्लेख किया है जिनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है।

आकर[2]

प्राचीन साहित्य के अनुसार 'आकर' शब्द उसे कहते थे, जहाँ सोना चाँदी, हीरे, मोती आदि की खाने हों। आचार्य जिनसेन कृत आदि पुराण में भी आकर शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया गया है।[3] यद्यपि आकर शब्द का अर्थ खान होता है, किन्तु साहचर्य सम्बन्ध से आकर के निकटवर्ती ग्राम को भी आकर कहा जाता था। आज की भाषा में यही आकर ग्राम औद्योगिक नगर के रूप में प्रसिद्ध है।

मडम्ब[4]

जटासिंहनन्दि के अनुसार मडम्ब एक व्यापारिक बस्ती थी। इसमें किसी एक समृद्ध नगर की प्रायः सभी विशेषताएँ पाई जाती थीं। आदि-

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

पुराण के अनुसार 'मडम्ब' उसे कहते थे, जो ५०० ग्रामों के मध्य में व्यापार का एक विशेष केन्द्र रहता था।

खेड[५]

'समराङ्गणसूत्रधार' के अनुसार 'खेड' ग्राम एवं नगर के बीच की एक इकाई होती थी।[६]

आदि पुराण के अनुसार खेड की निम्नलिखित विशेषताएँ मानी जाती थीं।

१—कृषि एवं अन्य पेशे के लोगों का निवास

२—नदी तट या पर्वत की तलहटी में अवस्थित

३—नदी एवं पर्वत से संरुद्ध होने से औद्योगिक निवास के साधनों की प्रचुरता

४ ग्राम से बड़ा होने के कारण नगर रूप में विकास

आज की भाषा में यह खेड के नाम से प्रसिद्ध है।

व्रज

जटासिंहनन्दि ने व्रज शब्द का प्रयोग ग्वालों की बस्तियों के लिए किया है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि व्रज वह स्थल था, जहाँ पशुओं के लिए घास आदि की समुचित उत्पत्ति एवं जलाशय आदि की बहुलता रहती थी।

पत्तन[६]

जो स्थल समुद्री तट पर स्थित रहता था और जहाँ आवागमन रहता था, उसे पत्तन कहा जाता था। समराङ्गण सूत्रधार, आदि पुराण, एवं वृहदक तथा कोश आदि ग्रन्थों के आधार पर पत्तन एक प्रकार का वृहद् वाणिज्य बन्दरगाह था जो किसी समुद्र अथवा विशाल नदी के किनारे स्थित रहता था। यह स्थल बड़ा भारी व्यापारिक केन्द्र माना जाता था। वहाँ प्रायः व्यापारी लोग ही निवास करते थे।[७]

आजकल भी पत्तननामधारी अनेक नगर भारत में पाये जाते हैं, जैसे विशाखापत्तन, विजयापट्टम् आदि। ये ग्राम समुद्रतटवर्ती हैं और इनमें प्राचीनकालीन पत्तनों की सभी विशेषताएँ उपलब्ध हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

आनर्त[९] नगर

महाभारत में आनर्त नामक एक देश की चर्चा होती है जिसके अनुसार अर्जुन ने उसकी श्री समृद्धि पर मुग्ध होकर विजय प्राप्त की।[९] जिनसेन ने भी आदि पुराण में इसकी चर्चा की थी।[१०] जटासिंह ने आनर्त की स्थिति सरस्वती नदी एवं मणिमन्त गिरि के मध्य में मानी है।[११] इनके वर्णनों से ऐसा प्रतीत होता है कि यह नगरी पश्चिम भारत की एक समृद्ध नगरी रही होगी।

कम्पिला[१२]

जैन साहित्य के अनुसार काम्पिल्यपुर गंगानदी के तीर पर बसी थी। यहाँ बड़ी ही धूमधाम से द्रौपदी का स्वयंवर रचा गया था। जैनियों के १३ वें तीर्थंकर विमलनाथ का यहीं पर जन्म हुआ था।

कम्पिलापुरी की पहचान वर्तमान फरुखाबाद (उत्तर प्रदेश) जिले के कम्पिला नामक स्थल से की जाती है। खुदाई में यहाँ पर्याप्त अवशेष मिले हैं।[१३]

कुन्डलपुर

पुरातत्ववेत्ताओं ने विविध प्राचीन साहित्य एवं खुदाई के आधार पर सिद्ध कर दिया है कि वैशाली स्थित कुण्डलपुर ही भगवान् महावीर की जन्म भूमि है। जटासिंहनन्दि ने भी वैशाली स्थित कुण्डलपुरी की ही चर्चा की है।

कौशम्बी

प्रयाग से लगभग ३७ मील दक्षिण-पश्चिम यमुना नदी के उत्तरी तट पर कोसम नाम का एक छोटा सा ग्राम है। यहीं पर भारत की सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी कौशम्बी बसी है। कौशम्बी जिस राज्य की राजधानी थी उसका नाम वत्स था। भगवान् बुद्ध के समय वहाँ का राजा उदयन था। भगवान बुद्ध को यह नगरी इतनी प्रिय थी कि उन्होंने यहाँ कई बार विहार किया था। वहाँ के निवासियों ने कुक्कुट वराम एवं घोषितराम नामक दो विहारों के निर्माण कराये थे।[१४]

जैन साहित्य के अनुसार कौशम्बी समृद्ध नगरी थी। कहा जाता है कि वर्तमान पालिसिंह, बल कोसम एवं पभोसा ये समस्त ग्राम कौशम्बी

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

के अन्तर्गत थे। वास्तव में कौशम्बी में भगवान् तीर्थंकर पद्म प्रभु के गर्भ एवं जन्म कल्याणक हुए थे। अतः ये दोनों ही स्थान तीर्थक्षेत्र हैं। आजकल इस वन का नाम अरथन वन है।[१५]

गिरिव्रज

महाभारत काल में गिरिव्रज मगध देश की राजधानी मानी जाती थी। उसके अनुसार राजा जरासंध गिरिव्रज में रहता था। गिरिव्रज के परवर्ती नामों में राजगृह नाम अधिक मिलता है। वैदिक, जैन एवं बौद्ध साहित्य में उसका पर्याप्त वर्णन किया गया है। जैन साहित्य के अनुसार महावीर ने यहाँ के विपुलाचल पर्वत पर अपना सर्व प्रथम उपदेश दिया था। तीर्थंकर मुनिसुव्रत नाथ के गर्भ जन्म कल्याणक यहाँ हुए थे।

वर्तमान में राजगृह एक तीर्थ भूमि में प्रसिद्ध है। यहाँ की खुदाई में प्राचीन कालीन पर्याप्त अवशेष प्राप्त हुए हैं। नवीन राजनैतिक सीमाओं के आधार पर वर्तमान में यह नालन्दा (बिहार) जिले में स्थित है।

चन्द्रपुरी [१६]

चन्द्रपुरी जैनियों का परम पवित्र तीर्थ माना जाता है। यह स्थल वाराणसी से लगभग दस मील दूर बनारस से आगे प्रमुख रेलवे मार्ग पर आदिपुर स्टेशन से पाँच किलोमीटर की दूरी पर है और चन्द्रोदी के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ तीर्थंकर चन्द्रप्रभु के गर्भ-जन्म कल्याणक हुए थे।

पावापुरी [१७]

पावापुरी जैनियों का सिद्ध क्षेत्र माना गया है, क्योंकि जैनियों के अंतिम तीर्थंकर महावीर को यहाँ पर निर्वाण प्राप्ति हुई थी। १४ वीं शताब्दी के 'विविधतीर्थकल्प' नामक ग्रन्थ में इसका अपरनाम अपापापुरी कहा गया है।[१८]

इतिहासकारों में इस पावापुरी की अवस्थिति के विषय में मतभेद है। कुछ का विश्वास है कि गोरखपुर जिले में स्थित 'पडरौना' ही उक्त पावापुरी है। मल्लराजाओं का संथागार (Conference hall) इसी पावापुरी में स्थित था।[१९] सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान डॉ० हार्मन याकोबी ने नालन्दा जिले में स्थित पावापुरी को ही भगवान बुद्ध की निर्वाण भूमि मानी है।[२०] यह स्थल वर्तमान बिहारशरीफ से सात मील की दूरी पर स्थित है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदाय इसे मान्यता प्रदान कर सर्वांङ्गीण विकास में प्रयत्नशील हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

भद्रपुरी

भद्रपुरी के विषय में विद्वानों ने अपने निश्चित विचार व्यक्त नहीं किये। महाभारत में इस नाम का कोई नगर उपलब्ध नहीं होता। जैन आगम साहित्य में भद्रपुर नाम का एक नगर मिलता है। इसे भलयजनपद की राजधानी बतलाया गया है।[२१] पुरातत्त्ववेत्ताओं ने इसकी पहचान हजारीबाग (बिहार) जिले के भदिया नामक ग्राम से की है जो हंटरगंज से छः मील की दूरी पर कोल्हुआ पहाड़ी के पास स्थित है।[२२] हो सकता है कि 'वराङ्गचरितम्' काव्य के प्रणेता जटासिंहनन्दि की भद्रभूमि यहीं भद्रिलपुरा हो जहाँ पर कुछ समयपूर्व खुदाई में कई जैन मूर्त्तियाँ मिली हैं। जटासिंहनन्दि ने प्रस्तुत भद्रपुरी को शीतलनाथ की जन्मभूमि माना है।[२३]

मथुरा

जैन साहित्य के अनुसार मथुरा प्राचीनकाल से ही पवित्र तीर्थ क्षेत्र रहा है। इसके अनुसार मथुरा शूरसेन जनपद की राजधानी थी। इस जनपद में भगवान् महावीर का शमवशरण आया था और उनके उपदेश के अनुसार नगरसेठ जिनदत्त के पुत्र अर्हदास तथा मथुरा नरेश उदितोदय आदि अनुयायी बन गये थे।[२४]

प्राच्य भारतीय इतिहास के अनुसार इसकी गणना सप्तमहामुनियों में की जाती है। यहाँ चन्द्रवंश की यादवशाखा का अधिकार दीर्घकाल तक बना रहा। भगवान श्री कृष्ण यादववंश में ही उत्पन्न हुए थे। महाभारत युद्ध में उन्होंने प्रधान भाग लिया था। प्राचीनकाल में मथुरा का राज्य शूरसेन जनपद के नाम से प्रसिद्ध था। पुरातत्त्ववेत्ताओं के अनुसार ई० पूर्व ४०० के लगभग शूरसेन राज्य मगध साम्राज्य के अन्तर्गत आता था। वहाँ क्रमशः मौर्य, शुंग, क्षत्रप और कुशाण वंशों का शासन बना रहा।[२५]

प्रस्तुत मथुरा दिल्ली आगरा रोड पर दिल्ली से १४५ किलोमीटर और आगरा ५४ किलोमीटर दूर स्थित है।

रत्नपुर[२६]

वराङ्गचरितकार जटासिंहनन्दि के अनुसार रत्नपुरी १५ वें तीर्थंकर धर्मनाथ की जन्मभूमि मानी गई है। जिनप्रभसूरी के समय यह तीर्थ रत्नवाह नाम से पुकारा जाता था। जैन यात्रियों ने इसका रोईनाई नाम से उल्लेख किया है। पुरातत्त्ववेत्ताओं ने उसकी पहचान फैजाबाद (उत्तर प्रदेश)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

के पास सोहावन स्टेशन से एक मील उत्तर में स्थित रौहानी नामक एक गाँव से की है।

साकेतपुरी[२७]

जैन मान्यतानुसार अयोध्या को शाश्वत नगरी माना गया है। प्रथम तीर्थंकर भगवान् ऋषभदेव के गर्भ एवं जन्मकल्याणक तथा दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर अभिनन्दननाथ, पाँचवे तीर्थंकर सुमतिनाथ और चौदहवें तीर्थंकर अनन्तनाथ के गर्भ, जन्म, दीक्षा एवं केवलज्ञान नामक कल्याणक इसी भूमि पर हुए थे। इन कारणों से इसे परमपवित्र तीर्थराज माना जाता है।

आचार्य जिनसेन के अनुसार जब इस भोगभूमि का अन्त हुआ, उस समय समस्तकल्पवृक्ष नष्ट हो गये। केवल एक कल्पवृक्ष अवशिष्ट रहा, जिसमें चौदहवें कुलकर एवं नाभिराय रहते थे। यहाँ नाभिराय का भवन था जिसके चारों ओर कोट वापिका और उद्यान बने हुए थे।[२८] इसका नाम सर्वतोभद्र प्रसाद था।

महाभारत के अनुसार यह इक्ष्वाकुवंशीय राजाओं की राजधानी थी और यहाँ मुनिवर वशिष्ठजी राजा कल्मषपाद के यहाँ पधारे थे।[२९]

ऐतिहासिक काल में अयोध्या की प्रसिद्धि बनी रही। शुंगवंश के प्रथम शासक पुष्पमित्र का एक महत्त्वपूर्ण शिलालेख अयोध्या से मिला है। गुप्तशासक चन्द्रगुप्त के समय में अयोध्या साहित्य एवं कला का केन्द्र बनी रही। वर्तमान अयोध्या में भगवान राम के तथ कथित जन्म स्थान पर बाबरी मस्जिद विद्यमान है।[३०] मुस्लिम सम्प्रदाय अयोध्या को खुर्दमुक्का और सिद्धों की सराय के नाम से जानते हैं।[३१]

सिंहपुरी[३२]

जैन साहित्य के अनुसार सिंहपुरी एक महान् अतिशय क्षेत्र माना गया है। जयसिंहनन्दि के अनुसार भ० श्रेयांसनाथ के यहाँ पर जन्म आदि चार कल्याणक हुए थे।

बौद्ध साहित्य के अनुसार इसका प्राचीन नाम इसिपत्तन एवं मृदगांव थे। ज्ञान प्राप्ति के बाद भगवान् बुद्ध ने सबसे पहले यहाँ पर अपना धर्मोपदेश दिया था, जो धर्म चक्क पवट्टण (धर्मचक्र प्रवर्तन) के नाम से प्रसिद्ध है। ईसा पूर्व तीसरी सदी में सम्राट अशोक ने उनकी स्तुति में एक विशाल स्तूप बनवाया था जो धर्मस्तूप के नाम से प्रसिद्ध है।[३३]

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

(एक मान्यता के अनुसार श्रेयांस प्रभु मन्दिर की प्रतिष्ठा के समय सुमेरु पर्वत का निर्माण प्रतिष्ठाकारको ने निर्मित कराया था। सम्राट अशोक ने कालान्तर में इस पर लेख लिखवा दिए थे।—सु० कु०)

वर्तमान काल में यह स्थान सारनाथ जिले के नाम से जाना जाता है। इसकी अवस्थिति वाराणसी जिले में वाराणसी से सड़कमार्ग द्वारा छह किलोमीटर दूर उत्तर में है।

शौर्यपुरी

जैन साहित्य में शौर्यपुरी एक पवित्र तीर्थ माना जाता है। जैन परम्परा के अनुसार यह नगर श्री कृष्ण एवं उनके चचेरे भाई नेमिनाथ की जन्म भूमि थी।[३४]

शौर्यपुरी अथवा सूर्यपुर कुशार्तदेश की राजधानी मानी गयी है। यह नगर यमुना नदी के किनारे बसा था। इसकी पहचान आगरा जिले के वर्तमान सूर्यपुर नामक स्थान से की गई है। यह स्थान यमुना नदी के दाहिने किनारे पर स्थित बटेश्वर के पास है। श्वेताम्बर जैनाचार्य हीर विजय सूरि के आगमन के समय पर इस तीर्थ का जीर्णोद्धार किया गया था।[३५]

श्रावस्ती

जटासिंहनन्दि के अनुसार श्रावस्ती तीर्थंकर भ० सम्भवनाथ के गर्भ, जन्म, तप एवं केवल ज्ञान नामक चार कल्याणकों की पवित्र भूमि है।[३६] जैन साहित्यकारों द्वारा संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश साहित्य में इस नगरी के श्री एवं प्राकृतिक सौन्दर्य का सुन्दर वर्णन किया गया है।

बौद्ध साहित्य के अनुसार श्रावस्ती नगरी भ० बुद्ध को अत्यन्त प्रिय थी। उन्होने यहाँ अनेक वर्षावास किये थे। उनके लिए यहाँ के एक प्रसिद्ध नगरसेठ अनाथपिण्डक ने जेतवन नामक विहार का निर्माण कराया था।[३७]

निष्कर्षतः पूर्व मध्यकाल में नगर एवं ग्रामों की जो मान्यताएँ रही हैं, आज भी वह उसी रूप में परिभाषित करने के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। इतना अवश्य है कि जीवन विस्तार के साथ-साथ उन ग्रामों एवं नगरों की सीमाएं भी विस्तारित हो चुकी हैं। आज के ग्राम एवं नगर अपनी प्राचीन मान्यताओं को बनाये हुए और अधिक विकास की गति प्राप्त कर चुकें हैं।

अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, म० म० महिला कॉलेज, आरा (बिहार)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सन्दर्भ–सूची

१ आ० पु० १६/१६४-१६५
२ व० च० महाकाव्य १०/७५, २१/४५
३ आ० पु० १६/१७५, १७६,
४ व० च० म० ३/४, १२/४४
५ समराङ्गणसूत्रधार, पुरनिवेशवर्णन १० वाँ अध्याय
६ व० च० म० १५/१३, २१/४८
७ व्यवहार सूत्र भाग ३ पृ० १२७ (दे० आ० पु० प्र० भा० पृष्ठ ७८)
८ वराङ्ग चरितम् २१/२८, २९
९ महाभारत सभापर्व २६/४
१० आ० पु० १६/५३
११ व० च० २१/२८
१२ व० च० २७/८५
१३ उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विभूति, पृ० ६
१४ वही
१५ भारत के दिगम्बर जैनतीर्थ, पृ० १४२
१६ ब० च० २७/८
१७ व० च० २७/९१
१८ विविध तीर्थकल्प ३/१
१९ जैन साहित्य और इतिहास पृ० ५२४ एवं ४२५
२० भारतीय विद्या ३/१
२१ भारत के प्राचीन जैन तीर्थ-पृ० २६
२२ वही
२३ व० चरितम् २७/८३
२४ भारत के दि० जैन तीर्थ पृ० २६
२५ उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विभूति पृ० ४५
२६ व० च० २७/८५
२७ वही २५/२२
२८ हरिवंशपुराण ८/१
२९ महाभारत आदि १७६/३५-३६
३० उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विभूति, पृ० ६०
३१ भारत के दिगम्बर जैन तीथ, पृ० १६०-४
३२ व० च० २७/८२

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

३३ भारत के प्राचीन जैन तीर्थ, पृ० ३९
३४ आ० पु० प्र० भा०, पृ० ९२
३५ भारत के० प्रा० जै० ती०, पृष्ट ४४
३६ व० च० २७/८२
३७ उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विभूति, पृ० ९

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

जैन संस्कृति का केन्द्र अजमेर

— डा० कस्तूर चन्द कासलीवाल

राजस्थान के ऐतिहासिक नगरों में अजमेर नगर का विशिष्ट स्थान है। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि देश के सभी शासकों ने अजमेर को राजस्थान का केन्द्रीय स्थान मानकर उसे अपने अधिकार में रखने का प्रयास किया। अजमेर एक नाम से नहीं जाना जाता रहा किन्तु पृथ्वीपुर,[1] अजयमेरु, अजयदुर्ग, अजयगढ, अजेयानगर एवं अजीर्णगढ़ जैसे विभिन्न नामों से प्रसिद्ध रहा। सर्वप्रथम यह नगर शाकंभरी प्रदेश के अधीन रहा लेकिन कुछ ही समय पश्चात इसे उसकी राजधानी बनने का सौभाग्य प्राप्त हो गया।

इतिहासवेत्ताओं के अनुसार अजमेर की स्थापना पृथ्वीराज चौहान के पुत्र अजयराज ने विक्रम संवत ११६५-११७० के मध्य किसी समय की थी।[2] हरबिलास शारदा के अनुसार अजयराज (पुत्र नरदेव) ने १२ वीं शताब्दी के बहुत पहिले अजमेर की नींव डाल दी थी।[3] वास्तव में यह सही है कि अजमेर १२ वीं शताब्दि के पूर्व ही अस्तित्व में आ चुका था और अच्छी बस्ती के रूप में माना जाने लगा था। हमारे इस मन्तव्य की सिद्धि जैसलमेर के शास्त्र भंडारों में संग्रहित पाण्डुलिपियों की प्रशस्तियों के आधार

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

पर की जा सकती है। जो संवत् १२०७, १२१२ एवं १२१६ में अजमेर में ही लिपिबद्ध की गई थी। पाटन के शास्त्र भंडार में तो संवत् ११९८ की पाण्डुलिपि भी मिलती है जिसमें पृथ्वीपुर का नाम लिखा हुआ है। खण्डेलवाल दिगम्बर जैन समाज का अजमेरा गोत्र की उत्पत्ति अजमेरि से मानी गई है। यदि यह वहीं अजमेरि नगर है तब तो अजमेर की स्थिति २००० वर्ष पुराना चली जाती है। चौहानों के शासकों के पश्चात अजमेर कभी राजपूत शासकों और कभी मुगल शासकों के अधीन रहा है। अकबर ने इस नगर को बहुत महत्व दिया और वह कितनी ही बार यहां आया। मुगलों के पतन के पश्चात् अजमेर मराठा शासक सिंधिया के अधीन रहा। सन् १८१८ में यह अंग्रेजी शासन का अंग बन गया और स्वतंत्र भारत के पश्चात् यह नगर अजमेर प्रान्त का मुख्यालय बन गया।

राजनैतिक गतिविधियों का केन्द्र रहने के साथ-साथ ही यह नगर जैन, वैष्णव एवं मुस्लिम संस्कृतियों का भी केन्द्र बना रहा। राजस्थान के जैन शास्त्र भंडारों में ऐसी सैकड़ों पाण्डुलिपियाँ है जिनकी प्रतिलिपि अजमेर नगर में हुई थी। जैसलमेर के शास्त्र भंडार में संवत् १२१२ की 'उपदेश पद प्रकरण लघु टीका" की एक पाण्डुलिपि है जो अजमेर में महाराजाधिराज विग्रहदेव के शासन में लिखी गई थी। अजमेर जैनाचार्यों, भट्टारकों, साधुओं एवं साध्वियों का प्रमुख केन्द्र रहा। एक ओर चित्तौड़ से दिल्ली की ओर बिहार करने वाले सभी आचार्य एवं मुनि अजमेर को अपने बिहार से पावन करते रहे तो दूसरी ओर मारवाड़ की ओर से आने वाले साधुओं का भी अजमेर केन्द्र बना रहा। महाराजा अर्णोज (११३२ A. D.) के समय यहाँ जिनदत्तसूरि का आगमन हुआ। उनका यहीं स्वर्गवास हुआ और उनकी समृति में दादाबाड़ी का निर्माण कराया गया।

१३ वीं शताब्दि में यह नगर मूलसंघ के भट्टारकों का केन्द्र बन गया था। उसी समय सभी भट्टारक नग्न रहते थे और मुनिचर्या का पूरी तरह पालन करते थे। इन भट्टारको के नाम है बसन्तकीर्ति (सं० १२६४) विशालकीर्ति (सं० १२६६) शुभकीर्ति, धर्मचन्द्र (१२७१-९६) रत्नीकीर्ति (१२९६-१३१०) एवं भ० प्रभाचन्द्र (१३१०-१३८४) भ० धर्मचन्द्र (सं० १२७१) तथा भ० रत्नकीर्ति तो अजमेर के ही निवासी थे और यहीं उनका पट्टाभिषेक हुआ था। बादशाह फिरोजशाह तुगलक को अपनी विधाओं में चमत्कृत करने वाले 'देहली में जैन सन्तों के वंश एवं प्रभावना में विस्तार करने वाले तथा वहाँ भट्टारक पीठ स्थापित करने वाले भट्टारक प्रभाचन्द्र अजमेर गादी के ही भट्टारक थे। संवत् १८५२ में नगर में महाराज

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

दौलतराव सिंधिया के शासनकाल में एक विशाल पंचकल्याणक प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था। प्रतिष्ठाकारक थे धर्मदास गंगवाल जो भट्टारक भुवनकीर्ति के प्रमुख शिष्य थे। इस प्रतिष्ठा में सैकड़ो मूर्तियाँ प्रतिष्ठापित हुई थीं। जयपुर के बड़े दिवान जी के मन्दिर में भगवान आदिनाथ एवं भ० महावीर की जो विशाल पगासन प्रतिमायें है वे अजमेर नगर में ही प्रतिष्ठित हुई थी।

२० वीं शताब्दि में अजमेर नगर को सभी आचार्यो मे अपने विहार से एवं वर्षायोग से सौभाग्यशाली बनाया। यहाँ आचार्य नेमिसागर जी, आचार्य शिवसागर जी, आचार्य विद्यासागर जी, एवं आचार्य सुमतिसागर जी, के चातुर्मास हो चुके है। आचार्य धर्मसागर जी महाराज के तो अजमेर में दो वर्षायोग सम्पन्न हुये थे। अजमेर नगर की भूमि आचार्य शांतिसागर जी, आचार्य श्री देशभूषण जी, आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज एवं आचार्य मुनि श्री विद्यानन्द जी महाराज के चरणों से भी पावन बन चुकी है। अजमेर की भूमि में मुनियों एवं साधुओं के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति के भाव व्याप्त है। यहां का सोनी परिवार गत एक शताब्दि मे धर्म एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिये सारे देश में प्रसिद्ध है। रायबहादुर सेठ टोकमचन्द जी एवं सरसेठ स्व० भागचन्द जी सोनी की सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेवायें जैन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में सदैव लिखी रहेगी। नगर में सेठजा की नशियाँ आज यहां आने वाले प्रत्येक यात्री के लिये दर्शनीय स्थान है।

अजमेर जैन समाज का प्रारंभ मे ही केन्द्र रहा। यहाँ के मन्दिर के शास्त्र भन्डार इस बात के साक्षी है। अजमेर में अढाई दिन का झौपड़ा पहिले जैन मन्दिर था जो अपनी कला एवं वैभव के लिये सर्वत्र प्रसिद्ध था। मुसलिम आततायियों ने इसे खंडहर करके अढाई दिन का झौपड़ा बना दिया।

अजमेर नगर में विद्वानों को भी पर्याप्त सहयोग मिला। जयपुर निवासी पं० सदासुख जी कासलीवाल जिन्होने कितने ही ग्रंथो की भाषा टीका लिखी थी, ने अपना अंतिम समय अजमेर नगर में ही व्यतीत किया था। सोनी परिवार ने उनकी जो सेवा सुश्रुषा की थी वह सदैव याद रहेगी।

संवत १७५१ में भ० रत्नकीर्ति ने अजमेर में पुनः भट्टारक गादी की स्थापना की ओर उनका पट्टाभिषेक भी अजमेर में ही सम्पन्न हुआ। इसी वर्ष जोबनेर में एक वृहद पंचकल्याणक प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें भ० रत्नकीर्ति जी ही प्रमुख प्रतिष्ठाकारक थे। रत्नकीर्ति के पश्चात् यहाँ १० भट्टारक और हुये जिनके नाम निम्न प्रकार है :—

१-भ० रत्नकीर्ति २-भ० विद्यानन्द (सं० १७६६) भ० महेन्द्रकीर्ति

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

(सं० १७६९) ४-भ, अनन्तकीर्ति (सं० १७७३) ५-भ० भुवनभूषण (सं० १७९७) ६-भ० विजयकीर्ति (सं० १८०२) ७-भ० त्रिलोकेन्द्रकीर्ति ८-भ० भुवनभूशण (सं० १८५२) ९-रतनभूषण (१८८०) १०-भ० ललितकीर्ति (१९२२) ११-भ० हर्षकीर्ति (२०१२), उक्त भट्टारकों में भ० विजयकीर्ति सबसे अधिक साहित्य सेवी थे। अब तक उनकी ९ रचनायें प्राप्त हो चुकी है। श्रणिकचरित्र (सं० १८२७ में इन्होंने अजमेर को 'गढ़ अजमेर सकल सिरदार' लिखा है तथा महादन्डक (सं० १८२९) में अजमेर नगर का इन्होंने निम्न प्रकार बर्णन किया है :—

गढ़ अजमेर सुथान, श्रावक सुख लीला करे।
जैनधर्म बहुमान देव, शास्त्र गुरू भक्ति मान ।।

भ० त्रिलोकेन्द्रकीर्ति भी साहित्य लेखन में रूचि रखते थे और उनके भी कुछ लघु रचनायें मिलती है। अभी करीब एक शताब्दि पूर्व ही प० छीतरमल हुये जिन्होंने जिन प्रतिमा स्वरूप वर्णन लिखा था जिसकी एक पाण्डुलिपि बूंदी के अभिनंदन स्वामी के मन्दिर में है। ग्रंथ की अंतिम दो पंक्तियाँ निम्न प्रकार है :—

सहर वास अजमेर में तहाँ एक सरावग आन।
नाम तासु छीतर कहे, गोत्रज कालो आन ।।

अजमेर में बड़े घड़े के मन्दिर में हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का एक विशाल संग्रह है जिसको लेखक ने सन् १९५८ में विस्तृत सूची बनाई थी। यह सूची राजस्थान के जैन शास्त्र भंडारों की ग्रंथ सूची पंचम भाग में प्रकाशित हो चुकी है। इस शास्त्र भंडार में भाषा, काव्य आगम, इतिहास, पुराण कथा जैसे विविध विषयों पर महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियों का सग्रह है। जो अजमेर गादी के भट्टारको की सेवाओं का प्रतिफल है।

इस प्रकार अजमेर नगर का अतीत और वर्तमान दोनों ही गौरवमय है।

सन्दर्भ-सूची

१ पाटन भंडार का ग्रंथ सूची-पृ० सं० १२९

२ पृथ्वीराज चौहान एण्ड हिज टाइम्स-राधावल्लभ सोमानी, पृष्ठ-१६,

३ हरविलास शारदा-अजमेर का इतिहास, पृष्ठ ३७-३८,

४ संवत १२१२ चैत्र सुदि १३ गुरौ अधेह श्री अजयमेस दुर्गे समस्तराजावलिविराजित परम भट्टारक-महाराजाधिराज श्री बिग्रहदेव-बिजयराज्ये उपदेश पद टीका आल्लेखिति × पृ० सं० ७५

५ भट्टारक पट्टावली।

८६७, अमृत कलश,
किसान मार्ग, टौंक फाटक, जयपुर।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

संस्कृत साहित्य में जैन द्विसन्धान काव्य

— डा० श्रेयांस कुमार जैन

संस्कृत साहित्य में समुपलब्ध सन्धान काव्यों का मूल श्लेषालङ्कार है। श्लेष का ही परिणाम सन्धान काव्य है। श्लेष का प्रयोग वैदिक युग से ही प्राप्त होता है। ऋग्वेद[1] में द्वयर्थक मंत्रों का बाहुल्य है। लौकिक संस्कृत साहित्य में तो श्लेष का प्रचुर प्रयोग हुआ है। हरिषेण ने "साध्वसाधुदय प्रलय हेतु पुरुषस्या चिन्त्यस्य" यहाँ श्लेष के माध्यम से समुद्रगुप्त की तुलना ब्रह्म से की है।[2] कालिदास[3], माघ,[4] भारवि[5] और श्री हर्ष[6] के काव्यों में द्वयर्थक, अर्थत्रयवाची और पञ्च अर्थ वाले पद्य मिलते हैं। सुबन्धु[7] 'तथा बाण[8] ने तो स्पष्ठ शब्दों में श्लेष रचना का उल्लेख किया है।

शनैः शनैः श्लिष्ट काव्य रचना की प्रवृत्ति की ओर कवि अग्रसर होते जा रहे थे। पाण्डित्य प्रदर्शन तथा बौद्धिक आयामों का क्षेत्र बढ़ता जा रहा था, जो कवियों के कौशल का परिचायक था। इसी प्रवृत्ति का परिणाम है कि काव्य में दो, तीन, चार, पाँच, सात, और अधिक भी कथाएँ एक साथ अनुस्यूत की जाने लगी। कालान्तर में उक्त श्लिष्ट रचना की शैली ने ही नानार्थ या सन्धान इस संज्ञा को ग्रहण किया।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सन्धानम्—

सन्धानम् (क्ली०) सन्धीयते यदिति (सभ् + धा + ल्युट्) मधासज्जी करणमिति नयनानन्दः। तत् पर्यायः। अभिषवरित्यमरः। सन्धानी ३। सन्धिका इति शब्दरत्नावली। सन्धीयते सन्धानं वंशाकुरफलादीन् बहुकालं सन्धाय यत् क्रियते इति भरतः। संघटनमिति मेदिनी। काञ्जकमिति हलायुधः। मदिरा, अवदंशः सौराष्ट्रम् इति राजनिघण्टुः। धनुषि बाणनियोजनं समवेतः।[९]

इसी प्रकार हलायुध कोश में भी सन्धान शब्द के अर्थों को संगृहीत किया गया है। जो निम्नरुप में दृष्टिगत होते हैं।

सन्धानम् (क्ली०) सन्धीयते यत् इति (समू+धा+ल्युट्) मद्यसज्जीकरणम्। आसेषवः। सन्धानी। संन्धिका। धान्याबलम्। आवालम्। काञ्जिकम्। सौवीरः। अवन्तिसोमः। तुषोदकम्। शुक्तम्। संघट्टनम्[१०]।

उक्त अर्थों में से किसी न किसी अर्थ से सम्बन्धित सन्धान शब्द का प्रयोग काव्यों में प्राप्त होता है।[११] किन्तु इन अर्थों में से दो अर्थ ही सन्धान के अभिप्रेत हैं १ अन्वेषण २ धनुषि बाणनियोजनं समवेतः।

अतएव जिन काव्यों में एकाधिक कथाओं अथवा व्याकरण शिक्षा आदि उद्देश्यों का अन्वेषण किया गया हो उन्हे सन्धान काव्य कहेंगे।

बाज एक लक्ष्य अनेक के अनुसार—जिन काव्य ग्रन्थों में अनेक कथाएँ अथवा व्याकरण शिक्षादि उद्देश्य रुपी अनेक लक्ष्य एक काव्य शर से अभीष्ट हो उन्हें सन्धान काव्य कहेंगे।

सन्धान काव्य को चतुर्धा विभक्त किया जा सकता है। (क) श्लिष्ट काव्य (ख) शास्त्र काव्य (ग) विलोम काव्य (घ) स्तुत्यर्थक रचनाएँ श्लिष्ट काव्यों का सन्धान काव्यों में विशिष्ट स्थान है। संख्या की दृष्टि और काव्यगुणों की अपेक्षा से ये अपनी श्रेणी में सर्वप्रमुख है। शिल्प की दृष्टि से एक श्लोक की एक अनेक व्याख्याओं से संवलित रचना हो चाहे पूर्ण महाकाव्य हो सभी में श्लेषालंकार अपरिहार्य है। श्लेष का प्रयोग तो आद्य रचनाओं से सभी में उपलब्ध है किन्तु शनैः शनैः इसका काव्य में बाहुल्य दृष्टि गोचर होने लगा। यह अवस्था अलंकृति को काव्य का अपरिहार्य अंग मानने वाले युग में ही सन्धान काव्यों की हुई और इन काव्यों का विकास हुआ। इन काव्यों का प्रधान काल ८ से ११ वीं शती तक का है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

समयक्रम की दृष्टि से श्लेष काव्यों में प्राचीनतम रचना संघदासमणि की 'वसुदेव हिण्डी' में 'चत्तारि अट्ठगाथा' है, जिसके चौदह अर्थ किये गये हैं। विद्वानों ने इस रचना का समय ५–६ शताब्दी स्वीकार किया है।[१२] यद्यपि संस्कृत काव्यों में श्लेषालंकार का छिटपुट प्रयोग यत्र तत्र सर्वत्र विद्यमान है, किन्तु अनेकार्थ काव्य निर्माण का बीड़ा उठाने वाले जैन मनोषी ही हैं। जैन मनीषियों द्वारा विरचित आद्य सन्धान रचनाएँ ही उपलब्ध हैं। चत्तारि अट्ठगाथा' के अतिरिक्त द्विसन्धान महाकाव्य का स्थान आता है। जिसकी रचना ८ वीं शती में महाकवि धनञ्जय ने की थी, जिसका संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है।

द्विसन्धान महाकाव्य—

इस महाकाव्य के रचयिता महाकवि धनञ्जय हैं। इनका समय समीक्षकों द्वारा ८ वीं शती निश्चित किया जा चुका है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत मंगल में मुनिसुव्रत स्वामी का स्मरण किया है। इसके अनन्तर सरस्वती की स्तुति की है। जम्बूद्वीप के मध्य विराजमान भरत क्षेत्र गंगा सिन्धु आदि नदियों से सुशोभित है। भरत क्षेत्र में हस्तिनापुर नाम की नगरी है। उसमें पाण्डवों एवं अयोध्या में रामचन्द्र का जन्म लेना। दोनों नगरियों की चतुर्दिक् उन्नति के साथ २ दोनों स्थानों के अधिनायकों के जोवन चरित को एक साथ उपनिबद्ध किया गया है। लेखक ने दोनों पक्षों की घटनाओं के वर्णन की अपेक्षा विशिष्ट वर्णनों पर अधिक बल दिया है। काव्य में शब्दालंकार और अर्थालंकार भरपूर है। अन्तिम १८ वें सर्ग में कवि ने पूर्णरुपेण चित्रालंकारों की संयोजना की है।

सर्वगत प्रत्यागत का प्रयोग—

ततसार तमास्थासु सुभावानभिवारधी :।[१३]
धीरताभिनवाभासु सुस्थामा तरसातत ।।

शब्दालंकारों में श्लेष का ही प्रधान वर्णन है। कहीं २ श्लेष दुष्कर भी हो गया है। यथा –

बहुधातुगणाकीर्णन्सुमहावा गुणादिमान्।
शब्दागम इवी द्रे शान्देव लोको न मुञ्चति ।।[१४]

व्याकरण शास्त्र के समान गेरु आदि समस्त धातुओं से भरपूर (भ्वादि क्रियागणों से पूर्ण) अ (शिव) + आ (ब्रह्मा) + अ (विष्णु) अर्थात् महेश ब्रह्मा विष्णु के गुणों से युक्त (उणादि प्रकरणों सहित) अत्यन्त

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

तेजस्वी (शुद्ध तथा आर्य वाक्यों के जनक) ऊँचे स्थलों को (प्रकरणों को) देव लोग नहीं छोडते हैं।

युधिष्ठिर पक्ष-हे धर्मराज ! वीर्यं शौर्य आदि गुणों के धारक सुन्दर उत्सवों में सम्मिलित हाने के लिए आतुर, अठारह प्रकृति के लोग सोना आदि धातुओ से पूर्ण इस उत्तम देश को नहीं छोडते हैं।

अर्थालिकारों का भी बाहुल्येन प्रयोग है। उत्प्रेक्षा की योजना करते हुए कवि लिखता है -

अनिधनेन रसातलवासिना विगलितो निबर्ड वऽवाग्निना।
इह मुहु : शफरी परिलंघन व्यतिकरात्त्वथतीव सरित्पतिः ॥
द्विसन्धान ८/५

अर्थात् समुद्र के नीचे धधकती सनातन वडबानल के द्वारा निरन्तर जल रहा यह समुद्र मछलियों की उछलकूद के बहाने मानों बार २ उबल रहा है।

यह द्विसन्धान काव्य शास्त्रोय सभी लक्षणों से संवलित है। इसमें अलंकारों का प्रचुर प्रयोग तो है ही किन्तु रसवत्ता भी सहृदयों को आह्लादित करने के लिए पर्याप्त है। कवि ने सम्पूर्ण काव्य में ३१ छन्दों का प्रयोग किया है जो प्राय : नियमानुकूल प्रयुक्त है। काव्य में अनुष्टुप की सुन्दर योजना है।

ऋषभनेमि काव्य [१५]

इसका अपरनाम नेमिनाभेय द्विसन्धान काव्य है। इसके रचयिता श्री सूराचार्य हैं। इनके पिता का नाम संग्रामसिंह था और इनका बाल्या-वस्था का नाम महीपाल था इन्होने द्रोणाचार्य के पास अभ्यास कर शब्द शास्त्र, प्रमाण शास्त्र और साहित्य शास्त्र का अध्ययन किया था।

इस काव्य की रचना वि० सं० १०९० में की गयी थी। इस बात की पुष्टि प्र० च० श्रृंग १४ श्लोक २५४ की सूचना से भी होती है कि सूराचार्य ने ऋषभदेव और नेमिनाथ इन दोनों तीर्थंकरों के चरित्र से युक्त द्विसन्धान काव्य की रचना की है। [१६]

नाभेयनेमि काव्य— [१७]

यह स्वोपज्ञ टोकायुक्त एक द्विसन्धान काव्य है। इसके रचयिता मुनिचन्द्र सूरि के प्रशिष्य तथा अजित देव सूरि के शिष्य हेमचन्द्र सूरि हैं। इस काव्य का संशोधन श्री सिद्धराज तथा कुमारपाल राजाओं के समकालीन कवि श्रीपाल ने किया था। इसमें भी श्री ऋषभदेव तथा नेमिनाथ का

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

चरित श्लेष के माध्यम से चित्रित किया गया है। इस काव्य की पाण्डु-लिपियाँ बडौदा और पाटण के पुस्तक भण्डार में सुरक्षित है।[१८] प्रस्तुत काव्य की रचना का समय १२ वीं शताब्दी होना चाहिए क्योंकि हेमचन्द्र सूरि का समय १२ वीं शती का उत्तरार्ध स्वीकार किया गया है।

श्रुतकीर्तिकृत--राघवपाण्डवीय

द्विसन्धान पद्धति में 'राघवपाण्डवीय' नाम की अनेक रचनाओं का उल्लेख विविध कोशकारों एवं इतिहासकारों ने विभिन्न स्थानों पर किया है, उनमें श्रुतकीर्ति त्रैविद्य के द्वारा रचित राघवपाण्डवीय का भी उल्लेख मिलता है।[१९]

श्रुतकीर्ति एवं उनके समय निर्णय के सम्बन्ध में मनीषियों में मतैक्य नहीं है। महामहोपाध्याय वासुदेव विष्णु मिराशी का कहना है कि श्रुतकीर्ति त्रैविद्य ने राघवपाण्डवीय काव्य की रचना की थी, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता है और साथ में श्रवण बेलगोल के लेख के लिए भी अस्वीकृत करते हैं।[२०] यह बात इसलिए विचारणीय हो जाती है कि महाकवि दण्डी के द्विसन्धान का भी तो मात्र व्योज का ही उल्लेख मिलता है। जब दण्डिकृत द्विसंधान को स्वीकृत किया जा सकता है तो त्रैविद्यकृत द्विसन्धान काव्य को स्वीकृत करने में आपत्ति क्यों ?

श्रुतकीर्ति के समय निर्णय एवं उसकी स्थिति के सम्बन्ध में महत्त्व-पूर्ण लेख एवं उल्लेख मिलते हैं। शिलालेख प्राचीन समय में राजाओं की देखरेख में लिखे जाते थे इसलिए प्राचीन शिलालेखों की अप्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती और न पम्परामायण ने ही इसे गलत ग्रहण किया। हाँ मिराशी महोदय ने कविराज का एक श्लोक उद्धृत किया और कहा है कि यदि श्रुतकीर्ति श्लेष रचनाकार हुए होते तो कविराज निम्न श्लोक में उल्लेख अवश्य करते—

सुबन्धुर्वाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।
वक्रोक्तिमार्ग निपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा ।[२१]

इसमें कविराज ने धनञ्जय और दण्डी जैसे श्लेष प्रधानकाव्यकारों का उल्लेख नहीं किया तो उनका भी अभाव माना जा सकता है। श्रुतकीर्ति की स्थितिकाल के सम्बन्ध में विविध प्रमाण प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

नागचन्द्र या अभिनव पम्प ने अपने कन्नड में लिखित रामचन्द्र चरित पुराण (पाण्डुलिपि) या पम्प रामायण (१.२४—५ बंगलौर १९२१) लिखा है—

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

आवों वादिकथात्रय प्रदणनोकँ विद्वज्जनं मेच्चेवि
द्यावष्टँभभनप्पुकेय्दु पर वादिक्षोणिभृत्पक्षभं ।
देवेन्द्र कडितुदादि दे कडिद स्याद्वादा विद्यास्त्रदि,
त्रैविद्य श्रुतकीर्तिदिव्य मुनिवोल् विख्यातियं ताकिददं ।।
श्रु तकीर्तित्रविद्यव्रति र घवपाण्डवीयभं विवुधचमत् —
कृतिये नसिगत प्रत्यागतदिं तेक दमल कीर्तिय प्रकटिसिदं ।।

उक्त पद्य श्रवणबेलगोला के एक शिलालेख संख्या ४० सी ६४, सन् ११६३ ई० में उद्धृत है । [२२] इनका उल्लेख तेरदाल के ११२३ ई० के एक शिलालेख में भी मिलता है ।[२३]

नागचन्द्र ने उन्हें व्रती कहा है। उसी तरह तेरदाल के एक शिलालेख में भी। अर्थात् ११२३ ई० में वे व्रती थे किन्तु ११३५ ई० में एक आचार्य की प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके थे। विद्वानों की राय में आर० नरसिंहाचार्य कर्नाटक कवि विरचित भाग १ बँगलौर १९६१ पृष्ठ ११) नागचन्द्र ११०० ई० के लगभग हुए ।[२४]

उक्त विवरण के आधार पर यह सिद्ध हो जाता है कि श्रुतकीर्ति त्रैविद्य नाम के जैन कवि और आचार्य हुए थे जिनका अनुमानित समय ११०० ई० से ११५० के मध्य होना चाहिए। 'उन्होंने राघवपाण्डवीय' नामक श्लिष्ट काव्य की रचना भी की थी किन्तु अभी तक उक्त काव्य की पाण्डुलिपि भी प्राप्त नहीं हुई।

इस प्रकार एक साथ भिन्न २ चरितों का संयोजन करने वाले द्विसन्धान काव्यों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। इन काव्यों में श्लिष्ट काव्यों को ही परिगणित किया गया है। वे श्लिष्ट काव्य मात्र द्वयर्थक वाले ही हैं। यहाँ द्वयाश्रय काव्यों का अवलम्बन नहीं लिया गया है समस्त द्वयाश्रय काव्य शास्त्र काव्यों की कोटि में आते हैं। शास्त्र काव्यों में एक ही काव्य के माध्यम से विशिष्ट कथा के अतिरिक्त व्याकरण आदि की शिक्षा को सरस रुप में प्रस्तुत किया जाता है। इन काव्यों के अन्तर्गत हेमचन्द्रसूरि विरचित द्वयाश्रय महाकाव्य (कुमार पाल चरित) जिनप्रभसूरि रचित श्रेणिक चरित द्वयाश्रय काव्य एवं अनेक विज्ञप्ति पत्र आते हैं, जिनका वर्णन अधिक विस्तार होने के कारण यहाँ इष्ट नहीं समझा गया।

संस्कृत में अनेक जन विलोम काव्य एवं फुटकर पद्य रचनाएं भी प्राप्त हैं जो अनेकार्थ को प्रकट करने वाली है। प्रस्तुत लेख में दो कथाओं की भिन्न २ घटनाओं को एक साथ उपनिबन्धन करने वाले काव्यों का आश्रय लेकर सन्धान काव्य का वैशिष्ट्य भी उपनिबद्ध है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सन्दर्भ :—

१ ऋग्वेद १०/१८०/२ एवं ६/७५/१७ आदि।

२ भारतीय साहित्य शास्त्र और काव्यालङ्कार पृष्ठ १८।

३ रघुवंश १/१

४ शिशुपालबध १६/२-१५ श्लोक तथा १६/११६।

५ कियतार्जनीयम् १/२४ एवं १५/४५।

६ नैषधीय चरितम् १३/३४।

७ वासवदत्ता पृष्ठ ३०३।

८ कादम्बरी श्लोक संख्या ६।

९ शब्द कल्पद्रुमकोष पञ्चम काण्ड पृष्ठ २४०।

१० हलायुधकोष पृष्ठ ६८६।

११ महाभारत ५/१०/३२/सुश्रुत १/४५/कुमार संभव ५/२७/अभिज्ञान शाकुन्तल ८/२१।

१२ जैन अनेकार्थ साहित्य लेख-पं० अगरचन्द नाहटा, जैन सिद्धान्त भास्कर भाग ८ किरण १।

१३ द्विसन्धान १८/१४३।

१४ द्विसन्धान ७/५५।

१५ जिनरत्नकोश पृष्ठ २१६।

१६ जैन संस्कृतसाहित्य के इतिहास भाग २ प्रकरण २४ पृष्ठ २४०।

१७ जिनरत्नकोश पृष्ठ २१०।

१८ रामचरितम् प्रशस्ति श्लोक १-४।

१९ जिनरत्नकोश।

२० धनञ्जय कवि के द्विसन्धान अथवा राघवपाण्डवीय काव्य : लेख वासुदेव विष्णु मिराशी, सत्ति, मुक्तावली सर सातवाँ पुष्प।

२१ राघवपाण्डवीय।

२२ द्विसन्धान महाकाव्य प्रधान सम्पादकीय पृष्ठ २४-२५।

२३ वही।

२४ द्विसन्धान महाकाव्य प्रधान सम्पादकीय पृष्ठ २५।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

जैनदर्शनसम्मत द्रव्य स्वरुप विश्लेषण

(शोध-प्रबन्धसार)

—डा० कमला पन्त

वस्तु के मूल में सूक्ष्म तत्त्वों के प्रति खोजपरक दृष्टि दर्शन का विषय है। जीवन एवं मनोमस्तिष्क की उत्पत्ति के साथ ही चेतनाचेतनमय संसार के प्रारम्भ और अन्त को जानने की सहज उत्सुकता भी उत्पन्न हुई है। दर्शन शास्त्रों ने सदैव मानव की इस जिज्ञासा का समाधान करने का प्रयत्न किया है। भारतीय अध्यात्मवाद में जैनो के धर्म एवं दर्शन का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह नास्तिक दर्शनों के अन्तर्गत आता है। इनके धर्म और दर्शन प्रमुख रूप से दो सम्प्रदायों में विभाजित हैं-दिगम्बर एवं श्वेताम्बर। दोनों सम्प्रदायों में कुछ आचारगत मतभेद होने पर भी तत्त्वों के सम्बन्ध में मतभेद नहीं के बराबर है।

लोक में द्रव्य शब्द का प्रयोग धन धातु तरल पदार्थ आदि अर्थों में किया जाता है। दार्शनिक दृष्टिकोण से द्रव्य धर्मी या अवयवी संसार का मूल तत्त्व है क्योंकि द्रव्य के अभाव में संगठन का होना सम्भव हो नहीं है। जैनों के धर्म एवं दर्शन में ज्ञान, तत्त्व, कर्म, आचार सम्बन्धी सभी विचारों

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

का केन्द्र बिन्दु एक ही वस्तु है। वह है द्रव्य। भारतीय दर्शनों में गुण और द्रव्य से सम्बन्धित चार प्रमुख विचारधारायें मिलती हैं—

(१) गुण और द्रव्य अथवा धर्म एवं धर्मी एक दूसरे से पृथक् अस्तित्व (न्याय वैशेषिक का मत)

(२) धर्म-धर्मी को पृथक् मानते हुए भी तत्त्वतः उनका अभेद (सांख्य-योग का मत)

(३) धर्मी मात्र सद्भाव, धर्मी में धर्मों का मिथ्याभास (अद्वैत वेदान्त का मत)

(४) धर्म मात्र सद्भाव, धर्मी में धर्मी का भ्रम (बौद्ध मत)

इन एकान्तवादी मतों के विपरीत जैन दर्शन की अनेकान्त दृष्टि सभी विचारों में सत्य का अंश विद्यमान मानती है। अनेकान्तवाद के अनुसार अलग-अलग दृष्टियों से एक वस्तु में दोनों स्वरुप होते हैं। जैसे स्वर्ण हार, अँगूठी, कर्णाभूषण इत्यादि विशेष रुपों में आता है। ये आकार नष्ट और उत्पन्न होते रहते हैं किन्तु इस वस्तु में पीला रंग, ठोसपन आदि अपरिवर्तनशील धर्म भी होते हैं। एक स्थिर रुप होता है जिसके कारण वह स्थिर धर्मी या स्वर्ण द्रव्य कहलाता है। इसीलिए जैन दर्शन वस्तु के स्थिर धर्मों को गुण और परिवर्तनशील धर्मों को पर्याय कहकर गुणपर्यायवाद वस्तु को द्रव्य मानते हुए अपनी समन्वयात्मक विचारधारा का परिचय देता है।

जैन सम्मत द्रव्य में चेतन एवं अचेतन दोनों तरह की सृष्टि का समावेश हो जाता है। जगत् के मूल में अनेक तत्त्वों की सत्ता स्वीकार करने के कारण जैन दर्शन को न्याय, वैशेषिक एवं मीमांसा के समान बहुत्ववादी और जीव-अजीव (द्रव्य का प्रमुख विभाजन) के विभाग के कारण सांख्य के समान (पुरुष-प्रकृति) द्वैतवादी भी कहा जा सकता है। दर्शन जगत् के कुछ विद्वानों की धारणा है कि जैन दर्शन की तत्त्व मीमांसा भौतिकवादी है किन्तु शोध-अध्ययन के पश्चात् प्रतीत होता है कि इनकी तत्त्व मीमांसा यथार्थ एवं आदर्श का सुन्दर और सन्तुलित समन्वय है। जैन विचारक व्यवहारनय से जीव को कर्ता और भोक्ता स्वीकार करते हैं। उसके कर्तृत्व और भोक्तृत्व को भ्रम नहीं मानते। सम्भवतः इसीलिए कुछ विद्वानों ने जैन सम्मत चेतन द्रव्य को भौतिकवादी ही कह दिया है किन्तु निर्णायक मत देने से पहले इनके निश्चयनय एवं पर्यायार्थिकनय के सिद्धान्त पर ध्यान देना अपेक्षित है! निश्चयनय से तो आत्मा न कर्ता है और न

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

भोक्ता। निश्चयनय एक प्रकार से पारमार्थिक दृष्टि है। निश्चयनय से देखें तो जीव द्रव्य अनन्त ज्ञान-शक्ति एवं दिव्यानन्दमय होने से अद्वैत वेदान्तसम्मत ब्रह्मस्वरुप से काफी कुछ समानता रखता है।

यथार्थवादी होने से स्याद्वादी बाह्येन्द्रिय एवं अन्तरिन्द्रिय दोनों के द्वारा अनुभूत जगत् को भ्रम नहीं कहते। पुद्गल द्रव्य समस्त भौतिक संसार को संगठित करता है। जैनों ने ईश्वर की सत्ता को सर्वथा अस्वीकृत करते हुए कर्म परम्परा को स्वतन्त्र माना है। कर्म अपना फल देने में सक्षम है। इस विषय में इनका मत निरीश्वर सांख्य और मीमांसा के विचारों से कुछ मिलता है किन्तु मीमांसा दर्शन में धर्म-कर्म के निर्णय हेतु श्रुतियों का भी अवलम्ब लिया गया है। जैनों के धर्म एवं दर्शन में मुक्त जीवों को पूज्य मानकर ईश्वर की कमी पूरी कर दी गयी है। ईश्वर जैसी किसी सर्वनियामक सत्ता में विश्वास न करते हुए भी वे प्रत्येक जीव को साधनाओं द्वारा आत्मशुद्धि कर परमात्मा बनने को छूट देते हैं। अन्य दार्शनिकों के समान जैनों ने भी सकाम कर्मवश चेतन-अचेतन के संयोग को बन्धन और वियोग को मोक्ष कहते है। बन्धन नित्य नहीं है किन्तु मुक्ति नित्य है। जैन दर्शन में मान्य कर्मवाद परमाणु संगठनआस्त्रव, बन्ध, संवर एवं निर्जरा की प्रक्रियाअत्यन्त स्पष्ट, विशद, सूक्ष्म एवं सर्वथा मौलिक प्रतीत होती है। मोक्ष मार्ग अर्थात् रत्नत्रय के अन्तर्गत सम्यक् श्रद्धा, ज्ञान, व्रत, और प्रेक्षा, अनुप्रेक्षा, लेश्या-शोधन आदि विविध साधनाये आ जाती हैं। वस्तुतः प्राणी मात्र के प्रति प्रेम, विश्वबन्धुत्व, अहिंसा-सत्यादि करुणा, मानवीयता एवं नैतिकता भारतीय संस्कृति का प्राणतत्त्व है किन्तु जैन दर्शन में अहिंसा का अत्यन्त गहराई से विवेचन किया गया है। कर्म से ही नहीं अपितु मन एवं वाणी से भी किसी जीव को पीड़ा पहुंचाना अनुचित माना जाता है। इनकी समस्त साधनाओं के मूल में अहिंसा का सन्देश निहित है. वैसे तो आन्तरिक और बाह्य शुद्धता अन्योन्याश्रित है किन्तु जैन दर्शन आन्तरिक शुद्धता, निश्छलता और भावों की पवित्रता को सर्वाधिक महत्त्व-पूर्ण स्वीकार करता है। ध्यातव्य है कि इन्होंने आचार और तपश्चर्या पर बहुत कठोरता से विचार किया है किन्तु व्यावहारिक बुद्धि का परिचय देते हुए गृहस्थ एवं गृहत्यागी दोनों की क्षमता को ध्यान में रखकर दोनों के लिए अलग-अलग व्रतों का वर्णन भी किया है। आत्मशुद्धि के उपायों से मानव की सहज प्रवृत्तियाँ उपेक्षित एवं दमित नहीं होती क्योंकि मर्यादित विषय-भोग, इन्द्रिय-नियन्त्रण और दमन का अभिप्राय विषयों से मुँह मोड़ना नहीं है अपितु धीरे-धीरे (यथाशक्ति) विषयों के मूल में निहित रागद्वेषात्मक भावों का दमन करना है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

अन्य भारतीय अध्यात्मवादियो के समान जैन मत में भी चित्त की शुभ में प्रवृत्ति तदनन्तर निवृत्ति को कर्मपाशों से छूटने का अचूक साधन माना जाता है। वैदिक परम्परा एवं बौद्धों ने भी काम, क्रोध, लोभ, मोहादि कषायरुप चित्तमलों को समस्त दुःखों का कारण बताया है नास्तिक दर्शन होते हुए भा चेतन्य के नित्यत्व, परलोक, पुनर्जन्म, कर्म जैसे अनेक विषयों में आस्तिक दर्शनों से जैन दर्शन की तुलना की जा सकती है। यह निरोश्वर सांख्य और मीमांसा के समान ईश्वर तत्त्व का विरोधी है एवं चार्वाक और बौद्धों को तरह वेदों पर आस्था नहीं रखता। इसकी मौलिक रुारेखा बौद्ध दर्शन को अपेक्षा वैदिक दर्शनों के अधिक समीप प्रतीत होती है अनात्मवाद बौद्ध सम्प्रदायों की वैदिक सम्प्रदायों से विभाजक रेखा कही जा सकती है। इस दृष्टि से न केवल प्राणियों में अलग-अगल आत्मा मानने से प्रत्युत वस्तुओं को द्रव्यरुप मानने से भो जैन दर्शन वैदिक दर्शनों के निकट लगता है। विरोधी विचारों में अविरोधी भाव खोजकर एक नए सिद्धान्त का स्थापना को मौलिकता का अभाव न कहकर एक विशिष्टता मानना अधिक न्यायसंगत है। व्यवहार एवं परमार्थ के बीच तत्त्व बिचार कर दोनों को मर्यादा बनाए रखने वाले और सभी सिद्धान्तों पर कुछ न कुछ आस्था रखने वाले दार्शनिक सिद्धान्तों पर आधारित विचारों ने दर्शनजगत् को एक नयी दृष्टि दी है। इनको तत्त्व मीमांसा कर्म मोमांसा और आचार मामांसा का भारतीय दर्शन जगत् में महत्त्वपूर्ण स्थान है।

जैन सम्मत द्रव्य से सम्बन्धित इन विवेच्य तथ्यों का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत शोध का विषय है। प्रस्तुत शोधविषय प्रमेय के सम्बन्ध में नास्तिक एवं प्रमुख आस्तिक दर्शनों में प्राप्त विवेचन का सक्षिप्त पर्यालोचन एवं यथावसर प्रत्याख्यान प्रस्तुत करते हुए जैनसम्मत द्रव्यसिद्धान्त के प्रकाशन एवं मूल्याङ्कन के लिए महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है। सम्पूर्ण चेतनाचेतनमय सृष्टि का द्रव्य से सम्बन्ध बताते हुए उसकी उपादेयता स्पष्ट करना एक विश्लेषणात्मक अध्ययन द्वारा जैनसम्प्रदाय की विशिष्टता को प्रस्तुत करना अभिप्रेत है। इसके लिए यथास्थान विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक शैली का आश्रय लिया गया है और जैनसम्मत द्रव्य की प्रमुख भारतीय दर्शनों में मान्य द्रव्य से यथास्थान समानता, भिन्नता, समन्वयात्मकता एवं मौलिकता प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध सात अध्यायों में विभक्त है। प्रत्येक अध्याय के अन्त में अध्यार्य का निष्कर्ष भी लिखित है। यहाँ प्रत्येक अध्याय के वर्ण्य विषय की संक्षिप्त रुपरेखा प्रस्तुत है—

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

प्रथम अध्याय में द्रव्य शब्द के लोकप्रचलित, साहित्य एवं दर्शन जगत् में प्रयुक्त अर्थों का उल्लेख करते हुए प्रमुख भारतीय दर्शनों के अनुसार द्रव्य के स्वरुप और भेदों का वर्णन किया गया है। अध्याय के अन्त में द्रव्य के सम्बन्ध में जैनों के दृष्टिकोण को संक्षेप में बताया गया है। इस अध्याय में स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है कि द्रव्य या वर्मी भारतीय दर्शन की तत्त्वविवेचना का मूल आधार है। दार्शनिक दृष्टि से ही नहीं अपितु व्यावहारिक दृष्टि से भी संसार में दो तरह के द्रव्य दिखायी देते हैं जड़ और चेतन

द्वितीय अध्याय का प्रमुख विवेच्य विषय आत्मा है। जैन दर्शन के अनुसार आत्म स्वरुप, भेद, ईश्वर तत्त्व के निषेध इत्यादि विचारों को स्पष्ट करते हुए यथावसर अन्य दर्शनों में मान्य आत्मतत्त्व से तुलना भी की गयी है।

तृतीय अध्याय अजीव द्रव्य के स्वरुप, भेदों एवं वस्तुओं के संगठन की प्रक्रिया से सम्बन्धित है। अचेतन जगत् से सम्बद्ध समस्त वस्तुओं का निरुपण इसी अध्याय में है।

चतुर्थ अध्याय चेतन एवं अचेतन द्रव्य के संयोग रूप बन्धन से सम्बद्ध है। यह दो सोपानों में विभाजित है। प्रथम सोपान में जीवों को बन्धन में बाँधने कारणों के विश्लेषण के साथ जीव द्रव्य की ओर उनके प्रवाह की प्रक्रिया बतायी गयी है। द्वितीय सोपान में अन्य भारतीय दर्शनों के अनुसार बन्ध की प्रक्रिया बताते हुए जैन दर्शन में बन्ध की स्थिति, कारण कर्म-परम्परा इत्यादि का विवेचन और जैनों के वैशिष्ट्य का प्रकाशन किया गया है। इसी अध्याय में भगवान् महावीर के दर्शन और चिन्तन का सार विहित है। क्रोध, मान माया, लोभादि भावशस्त्रों से द्रव्यशस्त्रों का जन्म होने के कारण यहाँ भावशस्त्रों की प्रबलता को प्रमुख विवेच्य विषय बनाया गया है।

पञ्चम अध्याय भी दो सोपानों में विभाजित है। प्रथम सोपान में कर्म-प्रवाह के निरोध के उपायों अथवा संवर के स्वरुप एवं भेदों को प्रदर्शित किया गया है। द्वितीय सोपान में आत्मा में पहले से संयुक्त कर्मयुद्गलों के अलग होने की प्रक्रिया का निरुपण है। संवर और निर्जरा दोनों जीव को बन्धपाशों से मुक्त करने वाली प्रक्रियायें हैं। इस अध्याय के अन्तर्गत अन्य दर्शनों से साम्य रखने वाली एवं मौलिक दोनों प्रकार की अनेक साधना पद्धतियाँ आ जाती हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

षष्ठ अध्याय में मोक्ष का निरुपण है। इसमें जैन सम्मत मोक्ष मार्ग अन्य दर्शनों के अनुसार मोक्षोपाय, अणुव्रतों, महाव्रतों, मोक्ष-स्वरुप, मुक्त जीव के स्वरुप गति एवं अन्य दर्शनों के मोक्ष सम्बन्धी विचारों का तुलनात्मक विवेचन किया गया है। मोक्ष के सम्बन्ध में जैनों की समन्वयात्मक दृष्टि के प्रकाशन के साथ ही उनकी विशिष्टता भी उल्लेखित है।

अन्तिम अध्याय उपसंहारात्मक है। इसमें द्रव्य की महत्ता, जैनों के अनेकान्तात्मक दृष्टिकोण इत्यादि पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए शोध प्रबन्ध के गवेषणा प्रसूत निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया है।

जैन सम्मत द्रव्य के स्वरुप का विश्लेषणात्मक अध्ययन दर्शन प्रेमियों को प्रमुख भारतीय दार्शनिक विचारधाराओं के विशेषकर जैन सम्मत द्रव्य के सम्बन्ध में एक विशिष्ट दृष्टि देने का प्रयास करेगा क्योंकि द्रव्य ही दार्शनिक विचारधाराओं की रीढ़ है जिसके द्वारा समस्त वस्तुयें व्याख्यायित होती हैं।

C/o डॉ० जे० एन० जोशी
कृष्णापुर महल, तल्लीताल
नैनीताल (यू० पी०)

प्रेरक प्रसंग

शा का धर्म

एक बार देवदास गांधी जब ब्रिटेन गये तो वे प्रसिद्ध साहित्यकार जार्ज बर्नाड शा से मिले। वार्तालाप के दौरान उन्होंने शा से पूछा—आपको कौनसा धर्म अच्छा लगता है। शा ने उत्तर दिया—"जैनधर्म में आत्मा को सम्पूर्णतः शुद्ध करके परमात्मा बनाने का विधान है। अन्य धर्मों में परमात्मा केवल एक ही माना गया है। उनके सिद्धान्तानुसार परमात्मा अन्य कोई नहीं बन सकता, वह चाहे कितनी ही तपस्या क्यों न करे।

—रमेश कुमार जैन एडवोकेट
नई दिल्ली

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

तन्दुलकाय मत्स्य और आज के मानव

– राष्ट्रसन्त श्री अमरमुनि

तन्दुल मत्स्य जैसों की दुर्भावनाओं का तो बाहर की दुष्प्रवृत्तियाँ से कोई अता-पता ही नहीं लगता है। फिर भी उसका वर्णन है कि वह तन्दुल अर्थात् चावल के दाने के समान लघु कार्य वाला मत्स्य विशेष अपने मन के अन्दर-ही अन्दर हिंसा की इतनी भयंकर भावनाएँ अपने अल्प जीवन में इतनी अधिक कर लेता है कि मृत्यु के अनन्तर उसे अन्तिम सातवीं नरक में भयंकर पीड़ाओं के रूप में दुर्भावनाओं का भुगतान करना होता है। तन्दुल मत्स्य का देह इतना क्षुद्र है कि वह बाहर में किसी अन्य प्राणि की हिंसा को कोई एक क्षुद्र-सी खरोंच भी नहीं कर पाता। जीवन-काल भी बहुत ही अल्पतर है। केवल हिंसा की दुर्भावना ही है कि दुर्भाग्य से मैं बहुत छोटा हूं, कुछ कर नहीं सकता। यदि मैं इन महाकाय बड़े मगरमच्छों की तरह होता, तो सागर की इन सभी मच्छलियों को उदरस्थ कर जाता। क्या मजाल किसी की कोई मत्स्य मेरे पास से गुजरे और बच कर निकल जाए। कुछ ऐसी ही ये दुर्भावनाएँ हैं, जो उसे अधः पतन की ओर ले जाती हैं। अन्ततः सातवीं नरक तक की यात्रा करा देती हैं। प्रशमरति आदि प्राचीन ग्रन्थों के अनेक उद्धाहरण प्रस्तुत सम्बन्ध में आज भी हमारे समक्ष है।

प्राचीन काल से उल्लिखित होता हुआ तन्दुल मत्स्य ही क्यों, आज भी अनेक मानव ऐसे मिलते हैं कि जो दुर्भावनाओं के तन्दुल मत्स्य जैसे ही शिकार हैं। मैंने देखा है, कुछ लोगों को क्रोध से बेभान होकर प्रतिपक्षी विरोधी को अभद्र गालियां देते हुए कि तू मुझे क्या समझता है, मैं तुझे कच्चा ही चबा जाऊंगा, तेरी हड्डी-पसली सब तोड़कर रख दूंगा। तेरा ही विनाशा नहीं, मैं तेरे समय वंश को नष्ट कर दूंगा। फलतः धरती पर से तेरी वंश-परम्परा ही सदा-सर्वदा के लिए मूलतः नष्ट हो जाएगी और विचित्रता यह है कि गालियां देने वाले इद अनेक लोगों में ऐसे भी क्षीण कार्य होते हैं कि बाहर में करने को क्या करेगे, अपने स्वयं का शरीर भी अच्छी तरह नहीं संभाल पाते हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

दिगम्बर जैन मुनि परिषद् का गठन

श्रवणबेलगोल में दिगम्बर जैन मुनि-परिषद् द्वारा १७ फरवरी १९८१ को पारित प्रस्ताव

भगवान् गोमटेश्वर बाहुबली प्रतिष्ठापना सहस्राब्दि एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव के पुण्य अवसर पर समागत श्रमणों, दिगम्बर जैन आचार्यों, मुनियों, आर्यिकाओं एवं अन्य त्यागीजनों का सम्मेलन. आचार्यरत्न श्री देशभूषणजी महाराज की अध्यक्षता और आचार्य श्री बिमलसागरजी महाराज तथा एलाचार्य श्री विद्यानन्दजी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में ५० आचार्यों एवं मुनियों. २५ आर्यिकाओं. २ ऐलकों, ३३ क्षुल्लकों और २४ क्षुल्लिकाओं ने सक्रिय भाग लिया। इस श्रमण संघ की कई बैठकें हुई। अनेक मुनियों एवं त्यागीजनों ने उस विचार-विमर्श में भाग लेकर अनेक उपयोगी सुझाव दिये। विचार विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गये—

प्रस्ताव क्र०. १

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि समस्त दिगम्बर जैन त्यागी जनों की एक परिषद् "दिगम्बर जैन मुनि परिषद्' के नाम से गठित की जाये, जिसकी एक नियामक समिति होगी। इस समिति के निम्न सदस्य होंगे—

१ आचार्यरत्नश्री देशभूषणजी महाराज
२ आचार्य धर्मसागरजी
३ आचार्य श्री बिमलसागर जो
४ आचार्य श्री सन्मति सागर जी
५ एलाचार्य मुनिश्री विद्यानन्द जी
६ आचार्य श्री विद्यासागर जो
७ आचार्य श्री सुमतिसागर जी
८ गणिनी ज्ञानमती जी
९ गणिनी विजयमती जो
१० गणिनी विशुद्धमती जी
११ आर्यिका सुपार्श्वमती जी
१२ आर्यिका राजमती जी
१३ आर्यिका विमलमती जी

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

प्रस्ताव क्र. २

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि कम से कम दो मुनि दो आर्यिकाएँ, दो क्षुल्लिकाएँ अथवा दो क्षुल्लक या दो समलिंगी पिच्छीधारी, अपने दीक्षागुरु आचार्य से आज्ञा लेकर ही बिहार कर सकते हैं। अकेले मुनि, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक या क्षुल्लिका बिहार नहीं कर सकते।

प्रस्ताव क्र. ३

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि दीक्षा लेने से पूर्व दीक्षार्थी को निम्नलिखित प्रतिज्ञा-पत्र पढ़ना और बाद में उसका पालन करना आवश्यक है। दीक्षागुरु आचार्य भी दीक्षा देते समय इस प्रतिज्ञा-पत्र को नव-दीक्षित से पढ़वा कर उसे प्रतिज्ञा-बद्ध करें।

दीक्षा से पूर्व प्रतिज्ञा-पत्र का प्रारूप

मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि—

१ मैं प्रातः स्मरणीय महान आचार्य कुन्दकुन्द एवं चारित्र-चक्रवर्ति आचार्य शांतिसागर जी महाराज की परम्परा के गौरव को सदा मन, वचन, काय से सुरक्षित रखूंगा। मैं ऐसा कार्य नहीं करूँगा, जिससे इस महान परम्परा का गौरव कम होता हो।

२ मैं आचार्य महाराज के अनुशासन का हृदय से पालन करूँगा।

३ मैं अपने गुरु के आदेश के बिना संघ का त्याग नहीं करूँगा।

४ धर्म-प्रचार के महान प्रयोजन के लिए गुरु महाराज की अनुमति से संघ से पृथक् बिहार करने की स्थिति में भी, मैं एकल बिहार नहीं करूँगा। मैं कम से कम दो क्षुल्लकों या इससे ऊपर के पदाधिकारी त्यागियों के साथ ही बिहार करूँगा।

५ मैं सतत स्वाध्याय द्वारा अपने शास्त्र ज्ञान को बढ़ाने का प्रयत्न करता रहूंगा। अंत में, मैं श्रमण, श्रावक और श्राविका, चतुःसंघ से निवेदन करता हूं कि वह मुझे दीक्षा ग्रहण करने की अनुमति प्रदान करें।

प्रस्ताव क्र. ४

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि —

(क) जिन्होंने मुनि-दीक्षा लेने के बाद कम से कम बारह वर्ष तक शास्त्रों का अध्ययन किया हो, जिन्हें प्रायश्चितादि शास्त्रों का पर्याप्त ज्ञान हो, तथा जिन्हें शिक्षा-देने की योग्यता हो, ऐसे मुनि ही गुरु की आज्ञा से आचार्य पद ले सकते हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

अथवा

(ख) आचार्य स्वेच्छा से अपने किसी सुयोग्य शिष्य को अपना आचार्य पद प्रदान कर सकते हैं।

प्रस्ताव क्र. ५

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि वर्षायोग में मुनियों एवं त्यागी जनों के अध्यापन एवं स्वाध्याय हेतु सुयोग्य विद्वानों की व्यवस्था की जाये।

प्रस्ताव क्र. ६

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि वृद्ध (स्थविर) साधुओं तथा अध्ययन करने वाले मुनियों की साधना एवं अध्ययन के लिए निम्नलिखित स्थानों पर समुचित व्यवस्था रहेगी—

१ श्रवणबेलगोल
२ सोनागिरि
३ कोथली
४ जिनसेन मठ, कोल्हापुर

प्रस्ताव क्र. ७

यह दिगम्बर जैन मुनि-सम्मेलन निश्चय करता है कि पिण्डशुद्धि वाले दिगम्बर जैनधर्मानुयायी, मुनिजनों एवं त्यागियों को आहार दे सकते और दीक्षा ले सकते हैं।

श्रवणबेलगोल
१७-२-८१

श्रमणसेवक—
भागचन्द सोनी
नीरज जैन

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

पूज्य आचार्य श्री चारित्र चक्रवर्ति शान्ति सागर जी महाराज

का संक्षिप्त जीवन परिचय

१ जन्म स्थान – भोज ग्राम (कोल्हापुर ।।
२ पितृ नाम—श्री भीमगौड़ा पाटील।
३ मातृ नाम— सत्यवती।
४ जन्म तिथि—अषाढ़ कृष्ण ६ वि० सं० १९२९।
५ आचार्य श्री का जन्म कालीन नाम—सात गोड़ा।
६ क्षुल्लक दीक्षा—संवत् १९७० में।
७ मुनि दीक्षा – फाल्गुन शु० १३ सं० १९७७ में आचार्य श्री आदि सागर जी ने दीक्षा दी।
८ प्रथम चतुर्मास - काम नोली में।
९ आचार्य पद सन् १९२४ में समडोली में
१० सम्मेद शिखर जी पहली यात्रा सन् १९३० ई० में। वीर सं० २४५४)
११ आचार्य श्री के आदि शिष्य—श्री १०८ वीर सागर जी महाराज।
१२ हीरक जयन्ती – ८१ में जन्म दिवस पर पलटन में सन् १९५२ में।
१३ मुनि जीवन—लगभग ३५ वर्ष।
१४ मुनि जीवन में उपवासों की संख्या – ९३३८ अर्थात् २५ वर्ष सात मास
१५ आचार्य श्रीसे दीक्षित मुनियों की संख्या – १८।
१६ अन्तिम आहार—१४ अगस्त १९५५ को।
१७ अन्तिम आहार दाता—बारामती के गुरु भक्त सेठ चन्दूलाल जी सर्राफ
१८ अन्तिम सन्देश—सल्लेखना के २६ वें दिन ८ सितम्बर १९५५ को।
१९ आचार्य पद त्याग की घोषणा—२४ अगस्त १९५५ को।
२० आचार्य श्री केप ट्टाधीश—श्री १०८ वीर सागर जी महाराज।
२१ जीवन लीला का अन्तिम दिन—१८ सितम्बर १९५५ भाद्र पद शु० २ सं० २०१२।
२२ शरीर त्याग के समय आयु ८४ वर्ष।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

दानवीर बाबू हरप्रसाद दास और उनकी संस्थाएँ

लेo-मदन मोहन प्रसाद वर्मा

बाबू हरप्रसाद दास जी बिहार राज्य के अविस्मरणीय व्यक्तियों में एक गौरवशाली नाम है। उन्होंने इस राज्य में शिक्षा के विकास और धर्म की अभिवृद्धि के लिए अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति का ट्रस्ट कर दिया।

इनका जन्म ८ अप्रैल सन् १८४८ को आरा में हुआ था। उनके दत्तक पुत्र श्री धनेन्द्र दास जी जैन का विवाह राजर्षि बाबू देव कुमार जी की बहन नेमसुन्दरी बीबी से हुआ। इन दोनों की भी दान धर्म की कथाएँ गौरवपूर्ण रही हैं और इसपर एक अलग लेख तैयार हो सकता है।

बाबू हरप्रसाद दास जी के ट्रस्ट डीड के अनुसार बाबू हरप्रसाद दास जैन कॉलेज, बाबू हरप्रसाद दास जैन हाईस्कूल, बाबू हरप्रसाद दास जैन धर्मशाला और अग्रवाल होस्टल-पटना की स्थापना की गई। इन संस्थाओं के अतिरिक्त सन् १९७२ में एक शिशु संस्थान की स्थापना हुयी। इन सभी संस्थाओ के माध्यम से इस जिले का शायद ही कोई ऐसा परिवार हो, जहां का कोई न कोई बालक, इनमें से एक या अनेक संस्थाओं में अध्ययन न कर चुका हो।

शिक्षा का स्तर सभी संस्थाओं का अत्यन्त उच्च कोटि का रहा है, यद्यापि जब से हरप्रसाद दास जैन कॉलेज को बिहार सरकार ने अंगीभूत कॉलेज बना लिया, तब से इस कॉलेज का स्तर इतना ऊँचा नहीं रह सका, जितना कि ट्रस्ट के अन्तर्गत था।

शिक्षा क्षेत्र के अतिरिक्त दानधर्म के क्षेत्र में भी ट्रस्ट के द्वारा ट्रस्ट समिति लगभग ४०,०००/-रुपये का प्रतिवर्ष परोपकार एवं अन्य धार्मिक कार्यो में ट्रस्ट डीड के आदेशानुसार खर्च कर रही हैं।

बाबू हरप्रसाद दास जी ने जब ट्रस्ट का गठन किया उस समय ट्रस्ट समिति में निम्नलिखित ट्रस्टियों का उन्होंने चयन किया।

१. बाबू निर्मल कुमार जैन, आरा २. बाबू सिताब चन्द जैन, आरा ३ बाबू बच्चू लाल जैन, आरा ४. बाबू सुपार्श्व दास गुप्त, आरा ५. बाबू जय बहादुर जी, आरा ६. बाबू श्याम सुन्दर दास जी, आरा ७. श्री राम कुमार जैन, आरा ८. श्री उदय कुमार जैन, आरा ९. श्री बाबू मन्दिल दास जैन, आरा १०. श्री सेठ सर्वसुख दास, जयपुर ११. श्री कुंज बिहारी लाल, पटना १२. श्री बांकेलाल, पटना १३. श्री नरसिंह सहायजी, आरा १४. श्री बिन्दा प्रसाद जी, आरा।

तब से यानि सन् १९२० के बाद से अबतक इस ट्रस्ट के निम्न व्यक्ति अध्यक्ष एवं मंत्री हो चुके हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

श्री आदिनाथ ट्रस्ट को संस्थापना के समय से लेकर अब तक के ट्रस्ट अध्यक्षों की सूचि:-

१	श्री कुंज बिहारी लाल	३१-१-१९१९ से २६-६-१९१९ तक
२	श्री अमीर चन्द जी	२५-६-१९१९ से ८-५-१९३७ तक
३	श्री निर्मल कुमार जी	८-५-१९३७ से १२-५-१९४५ तक
४	श्री बच्चू लाल जी	१२-५-१९४५ से १७-११-१९४६ तक
५	श्री श्याम सुन्दर दास जी	१७-११-१९४६ से २७-११-१९४८ तक
६	श्री निर्मल कुमार जी	२७-११-१९४८ से ११-११-१९५१ तक
७	श्री चक्रेश्वर कुमार जी	११-११-१९५१ से ०२-१२-१९६० तक
८	श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता	२-१२-१९६० से १९-११-१९६३ तक
९	श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल	१९-११-१९६३ से ५-१२-१९६५ तक
१०	श्री महेन्द्र कुमार जैन	०५-१२-१९६५ से १८-१२-१९७० तक
११	श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता	१८-१२-१९७ से ११- २-१९७३ तक
१२	श्री सुबोध कुमार जन	११-०२-१९७३ से ०२-० -१९८३ तक
१३	श्री दिनेन्द्र चन्द जैन	०२-०१-१९८३ से ०५-०१-१९८६ तक
१४	श्री सुबोध कुमार जैन	०५-०१-१९८६ से १४-१२-१९८६ तक
१५	श्री हरखेन कुमार जैन	१४-१२-१९८६ से ०१-०९-१९८८ तक
१६	श्री दिनेन्द्र चन्द जन	०१-०९-१९८८ से अब तक

श्री आदिनाथ ट्रष्ट की संस्थापना के समय से लेकर अब तक के मंत्रियों की सूचि:-

१	श्री सीताब चन्द जी	१३-०१-१९२० से ११-११-१९५१ तक
२	श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल	११-११-१९५१ से २०-१२-१९५५ तक
३	श्री सुपार्श्व दास गुप्ता	२०-१२-१९५५ से १०-०१-१९६० तक
४	श्री सुबोध कुमार जैन	१०-०१-१९६० से १९-१२-१९६१ तक
५	श्री नरेन्द्र कुमार जैन	१९-१२-१९६१ से २८-०१ १९६८ तक
६	श्री दिनेन्द्र चन्द जैन	२८-०१-१९६८ से ०५-०२-१९७० तक
७	श्री ऋषभ सुन्दर दास जी	०५- २-१९७० से १८-१२-१९७० तक
८	श्री दिनेन्द्र चन्द जैन	१२-१२-१९७० से ०२-०१-१९८३ तक
९	श्री विजेन्द्र प्रसाद जैन	०२-०१-१९८३ से अब तक

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

फिलहाल ट्रस्ट समिति में निम्नांकित सदस्य हैं :—

१. डॉ० दिनेन्द्र चन्द्र जैन-अध्यक्ष २. श्री विजेन्द्र प्रसाद जैन-मंत्री ३. श्री गजेन्द्र चन्द जैन संयुक्त मंत्री ४. श्री मिथिलेश कुमार जैन-प्रभारी धर्मशाला ५. श्री नेम कुमार जैन ६. श्री भैरव कुमार प्रसाद जैन-सदस्य ७. श्री ऋषभ सुन्दर दास-सदस्य ८. श्री सुबोध कुमार जैन-सदस्य ९. श्री दयाल चन्द जैन-सदस्य १० श्री कमल किशोर जैन-सदस्य ११ श्री प्रेम कुमार जैन-सदस्य १२. श्री शरत् कुमार जैन सदस्य १३. श्री प्रताप चन्द्र जैन-सदस्य १४. श्री बाबू श्रवण कुमार जैन-आरा

श्री हर प्रसाद दास जैन धर्मशाला में २६ कमरे हैं और प्रतिवर्ष लगभग ११,००० यात्री लाभ
उठाते हैं। दातव्य औषधालय में निःशुल्क स्वास्थ सेवा उपलब्ध है और इससे भी लगभग १०,००० लोग प्रति वर्ष निःशुल्क लाभ उठाते हैं। अग्रवाल होस्टल पटना में लगभग २५ छात्रों के रहने की व्यवस्था है। परन्तु पुराने भवन के स्थान पर नव निर्माण की एक अच्छी योजना पर विचार चल रहा है। धर्मशाला के उपर श्री १००८ आदि प्रभू का एक अत्यन्त मनोरम मन्दिर है और साथ में संगमरमर की एक अलौकिक रचना पत्थर की श्री सम्मेदशिखर के अनुरुप बनी हुयी है। बाबू साहेब ने गिरनार पर्वत, चम्पापुर, पावापुर और श्री सम्मेदशिखर में जैन मंदिरों का निर्माण कराकर प्रतिष्ठा कराई थी। सम्मेदशिखर में तो तेरह पंथी कोठी की मुख्य बेदी और मूल प्रतिमा इन्हीं के द्वारा स्थापित और प्रतिष्ठित हुई थी।

बाबू हरप्रसाद दास जी ने अपनी दानशीलता के द्वारा बिहार प्रान्त में दानशीलता का एक अमर उदाहरण पेश किया है और उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

भगवती सूत्र में भगवान महावीर एवं गोशालक

कई वर्ष पूर्व भगवती सूत्र में भगवान महावीर और आजीवक संप्रदाय के प्रमुख मंखलिपुत्र गोशालक के विषय में जो पढ़ा था, वह पढ़ कर दुःख हुआ था कि भगवान महावीर के विषय में अपमान जनक बातें जैसी भगवती सूत्र में लिखी है वह कितनी भ्रामक और अशोभन है।

उसी विषय में 'तित्थयर' के जुलाई १९९० के अंक में डा० मोहन लाल मेहता का लेख पढ़ा तो उस समय की पढ़ी हुई बातें फिर ताजा हो गई।

जैसे जैसे लेख पढ़ता गया वैसे-वैसे उस समय, अनेक वर्ष पूर्व, मन में आया हुआ उद्वेग दूर हो गया। इस विषय पर डा० मेहता ने अपने लेख "क्या व्याख्या प्रज्ञप्ति का पन्द्रहवाँ शतक प्रक्षिप्त है ?" में व्याख्या प्रज्ञप्ति अपर नाम भगवती सूत्र के पन्द्रहवें शतक में गोशालक और महावीर के सम्बन्ध में लिखी बातों को अशोभन ही नहीं बताया है बल्कि सारे स्थलो की सम्यक विवेचना भी इस प्रकार की है जिससे कि पढ़ने वालों को दूध का दूध और पानी का पानी स्पष्ट हो जाए। सत्य/असत्य पर उन्होंने निर्भीक होकर प्रकाश डाला है उसे पढ़कर उनके प्रति सम्मान हुआ।

गोशालक और महावीर के बीच पारस्परिक कलह का वर्णन, उसका अशोभन ढंग, असंयत भाषा तथा महावीर पर मांसाहार का दोष लगाना आदि सभी बातों पर उन्होंने आक्षेप किया है।

इस लेख के लिए हम उन्हें साधुवाद देते हैं।

१४-९-९०

सु० कु०

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

आचार्य कुन्दकुन्द के ग्रन्थों में पुद्गलद्रव्य विचार

डॉ० ऋषभचन्द्र जैन फौजदार

आचार्य कुन्दकुन्द ने अपने ग्रन्थों में आगम परम्परा के मूल सिद्धान्तों को सुरक्षित किया है। इसीलिए गौतम गणधर के साथ उनका स्मरण किया जाता है। आचार्य कुन्दकुन्द ने नियमसार में छहद्रव्यों को तत्त्वार्थ कहा है। ऐसा अन्यत्र कहीं नहीं कहा गया है। अतः यह उनका वैशिष्ट्य है। पंचास्तिकाय संग्रह में पाँच अस्तिकायों और षड्द्रव्यों का स्वरूप बताया है। प्रवचनसार में भी छहद्रव्यों पर विचार किया गया है। कुन्दकुन्द के उक्त कथन से ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन आगमिक परम्परा में द्रव्यों को तत्त्वार्थ कहा जाता था।

आचार्य कुन्दकुन्द ने नियमसार में पुद्गलद्रव्य का स्वरूप निश्चय और व्यवहारनय की दृष्टि से कहा है। निश्चयनय से परमाणु पुद्गलद्रव्य है। व्यवहारनय से स्कन्ध पुद्गलद्रव्य है। वह पुद्गलद्रव्य अणु (परमाणु) और स्कन्ध के भेद से दो प्रकार का होता है। नियमसार के टीकाकार पद्मप्रभमलधारिदेव ने स्वभावपुद्गल और विभावपुद्गल ये दो भेद कहे हैं। परमाणु को स्वभावपुद्गल एवं स्कन्ध को विभावपुद्गल कहा है। नियमसार में परमाणु का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिए गेज्झं।
अविभागी जं दव्वं परमाणू तं वियाणाहि ।। नियम० गा० २७ ।।

अर्थात् अपना स्वरूप ही जिसका आदि है, अपना स्वरूप ही जिसका मध्य है, अपना स्वरूप ही जिसका अन्त है, जो इन्द्रियों के द्वारा ग्राह्य नहीं है तथा जो अविभागी द्रव्य है, उसे परमाणु जानो।

पंचास्तिकाय संग्रह में परमाणु का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

सव्वेसिं खंधाणं जो अंतो तं वियाण परमाणू।
सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो ।।पंचा० ७७ ।।

अर्थात् समस्त स्कन्धों का जो अन्तिम भेद (अंश) है, वह परमाणु है। वह परमाणु नित्य, अशब्द, एक, अविभागी और मूर्त्तस्कन्ध से उत्पन्न है।

अनेक परमाणुओं के संघातरूप स्कन्ध का जो अन्तिम अविभाज्य अंश है, वह पुद्गल परमाणु कहा गया है। परमाणु मूर्त्तद्रव्य है। परमाणु उत्पाद, व्यय, और ध्रौव्यता युक्त होने के कारण अविनश्वर होता है। अतः नित्य है। द्रव्य की अपेक्षा से परमाणु नित्य है तथा पर्याय की अपेक्षा से अनित्य कहा जाता है। परमाणु शब्द का कारण है। वह स्वयं शब्द रहित है। शब्द की उत्पत्ति अनेक परमाणुओं के संघटन या स्कन्ध के विघटन से होती है। अतः परमाणु शब्द का कारण है, किन्तु वह स्वयं अशब्द है। परमाणु दो, तीन आदि पर उपाधियों से रहित होता है। केवल असहाय, अप्रदेशी या मात्र एक प्रदेशवाला होने से एक है। परमाणुमात्र होने से उसका दूसरा विभाग नहीं किया जा सकता है, इसलिए अविभागी कहा गया है। परमाणु स्कन्ध के विभाग करने से उत्पन्न होता है, अतः मूर्तिभव कहलाता है।

नियमसार गाथा २५ में परमाणु के दो भेद कहे गये हैं—(१) कारण-परमाणु और (२) कार्यपरमाणु। जो परमाणु पृथिवी, जल, तेज और वायु इन चार धातुओं का कारण है, वह कारण परमाणु है। अर्थात् जिस परमाणु से पृथिवी आदि इन्द्रियगोचर स्कन्ध बनते हैं, वह कारण परमाणु कहलाता है। स्कन्ध के अविभाज्य अंश तक टुकड़े करने से अन्त में जो परमाणु शेष रहता है, वह कार्यपरमाणु है। परमाणु स्कन्ध के भेद से उत्पन्न होने के कारण कार्यपरमाणु कहा गया। स्कन्ध परमाणु की उत्पत्ति कारण होने से कारणपरमाणु कहालया। इस प्रकार एक ही परमाणु में कारण और कार्य दोनों शक्तियाँ विद्यमान होती हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

परमाणु के गुणों के विषय में आचार्य कुन्दकुन्द ने नियमसार में कहा है-'एयरसरूवगंधं दो फासं तं हवे सहावगुणं।' (गा० २७) अर्थात् पाँच रसों में से एक रस, पाँच रूपों में से एक रूप, दो गन्धों में से एक गन्ध, आठ स्पर्शों में से अन्तिम चार स्पर्शों में से अविरुद्ध दो स्पर्श, ये चार परमाणु के स्वभावगुण हैं। परमाणु अप्रदेशी। प्रदेश मात्र होता है। ये चारों गुण उसमें पाये जाते हैं। परमाणु के इन गुणों को उससे पृथक् नहीं किया जा सकता। पंचास्तिकायसंग्रह और प्रवचनसार में भी परमाणु के उक्त गुणों का विवेचन है।

एक से अधिक परमाणुओं के पिण्ड को स्कन्ध कहते हैं। स्कन्ध छह प्रकार के कहे गये हैं—(१) अति स्थूलस्थूल (२) स्थूल (३) स्थूलसूक्ष्म (४) सूक्ष्मस्थूल (५) सूक्ष्म और (६) अतिसूक्ष्म (नियमसार गा० २१)

जो स्कन्ध छेदन-भेदन किये जाने पर स्वयं जुड़ नहीं पाते, अतिस्थूल-स्थूल स्कन्ध कहलाते हैं। जैसे-भूमि, पर्वत, लकड़ी, पत्थर आदि। जो स्कन्ध छेदन-भेदन किये जाने पर स्वयं जुड़ जाते हैं, स्थूल स्कन्ध कहे जाते हैं। जैसे-घी, तेल, जल आदि। जो स्कन्ध स्थूल ज्ञात होते हैं, परन्तु छेदे-भेदे नहीं जा सकते, हाथ आदि से ग्रहण नहीं किये जा सकते, स्थूलसूक्ष्म स्कन्ध कहलाते हैं। जैसे-छाया, धूप, अन्धकार आदि। जो स्कन्ध सूक्ष्म होने पर भी स्थूल ज्ञात होते हैं, जिन्हें देखा नहीं जा सकता। जो स्पर्शन, रसना, घ्राण और कर्ण इन्द्रियों द्वारा जाने जाते हैं, अनुभव किये जाते हैं, वे सूक्ष्मस्थूल स्कन्ध कहलाते हैं। जैसे-स्पर्श, रस, गन्ध तथा शब्द। जो स्कन्ध इन्द्रियों द्वारा न तो जाने जाते हैं, न ही ग्रहण किये जाते हैं, किन्तु कर्मवर्गणा के योग्य होते हैं, वे सूक्ष्म स्कन्ध कहे गये हैं। जैसे-शुभाशुभ परिणामों द्वारा शुभाशुभ कर्मों के योग्य पुद्गल स्कन्ध। जो स्कन्ध कर्मवर्गणा के योग्य नहीं होते, अतिसूक्ष्म स्कन्ध कहे गये हैं। जैसे-कर्मवर्गणातीत द्वि-अणुक तक के स्कन्ध।

पंचास्तिकायसंग्रह गा० ७६ में भी पुद्गल स्कन्ध के छह भेद कहे गये हैं, किन्तु मूलप्राकृत गाथा में उनके नाम नहीं दिये हैं। आचार्य अमृत-चन्द्रसूरि ने उक्त गाथा की संस्कृत टीका में जो नाम दिये हैं, वे इस प्रकार हैं-बादरबादर, बादर, बादरसूक्ष्म, सूक्ष्मबादर, सूक्ष्म सूक्ष्म और सूक्ष्म। इनके स्वरूप नियमसार तात्पर्यवृत्ति एवं मूल के अनुसार हो हैं।

पंचास्तिकायसंग्रह की तात्पर्यवृत्ति संस्कृत टीका में आचार्य जयसेन ने गा० ७६ की टीका करने के बाद एक अन्य गाथा दी है, जो इस प्रकार है—

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

पुढवी जलं च छाया-चउरिंदिय विसयकम्मपाओग्गा।
कम्मातीदा येवं छब्भेया पोग्गला होंति ॥ पंचा. राय. शा. पृ. १३०

अर्थात् पृथिवी, जल, छाया, आंख को छोड़कर शेष चार इन्द्रियों के विषय, कर्मप्रायोग्य एवं कर्मातीत, ये छह भेद पुद्गल के होते हैं।

पंचास्तिकायसंग्रह गाथा ७४-७५ में पुद्गलद्रव्य के चार भेद कहे गये हैं--(१) स्कन्ध, (२) स्कन्धदेश, (३) स्कन्धप्रदेश और (४) परमाणु। स्कन्ध-अनन्त परमाणुओं का पिण्ड है। स्कन्धदेश स्कन्ध का आधा भाग है। स्कन्धप्रदेश-स्कन्धदेश का आधा भाग या स्कन्ध का चौथाई भाग। परमाणु-अविभाज्य होता है। अर्धमागधी आगमों में भी पुद्गलद्रव्य के उक्त चार भेद कहे गये हैं। उक्त चार भेद भी स्वभाव पुद्गल एवं विभाव पुद्गल में समाहित हो जाते हैं।

आधुनिक वैज्ञानिकों ने परमाणु के सन्दर्भ में विचार एवं प्रयोग किये, तब उन्हें भी जैनदार्शनिकों द्वारा दिमागी प्रयोगशाला में प्रयोग किये गये निष्कर्ष ही हाथ लगे। आधुनिक विज्ञान ने प्रयोग के बाद ही शब्द को मैटर माना, जबकि जनदार्शनिक हजारों वर्ष पूर्व कह चुके थे। निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि आचार्य कुन्दकुन्द ने पुद्गलद्रव्य के सम्बन्ध में जितना सूक्ष्म चिन्तन और विश्लेषण किया, वह निश्चय ही विशेष उल्लेख्य है। उत्तरवर्ती ग्रन्थकारों/आचार्यों ने कुन्दकुन्द का अनुकरण किया है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

मांडू और संगीताचार्य मंडन मालवा के

लेखक—अभय प्रकाश जैन
एन–14 चेतकपुरी
ग्वालियर–474009
म० प्र०

मालवा प्राचीन अवंतिशार्ण क्षेत्र के कई प्राचीन स्थानों महिष्मति, नागदर, उज्जयिनी, कामथा, विदिशा, व्याघ्र, एरण, दशपुर, पद्मावती, तुम्बवन प्रमुख राजनैतिक तथा सांस्कृतिक केन्द्रों के रूप में प्रसिद्ध हुये। धार जिला के बाघ (प्राचीन व्याघ्र) नामक स्थान में गुप्त काल तथा उत्तर गुप्तकालीन भित्ती चित्रकला के उत्कृष्ट उदाहरण मिलें हैं जिनकी तुलना अजन्ता के चित्रों से की जा सकती है। राजा भोज की प्रसिद्ध नगरी धार अपने बीते युगों की गाथायें संजोये है। इस नगर से कुछ दूर पर मांडू नामक स्थान है जिसका इतिहास और पुरातत्व बड़े महत्व का है। मांडू इंदौर से लगभग ८४ तथा धार से ३७ कि० मी० दुर है।

प्राचीन मांडू नगर जिसका पुराना नाम "मंडप दुर्ग" था का विस्तार काफी विस्तृत था। आजकल इसके प्राचीन स्मारक १३ वर्ग कि० मी० के घेरे में देखे जा सकते हैं। मांडू का प्राकृतिक सौदर्य अत्यन्त आकर्षक हैं। विंध्य पर्वत श्रंखला के एक उपांत पर नगर के स्मारक स्थित हैं। मालवा में जब परमार वंश का राज्य था तब मांडू की सुरम्य पहाड़ी पर अनेक जैन और हिन्दु मंदिर बनाये गये थे जिनके भग्नावशेष आजभी पुरा-स्थापत्य एवं विभिन्न ललित कलाओं का सौंदर्य बोध कराते हैं।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

मांडू का किला और महल दर्शनीय है। उनमें प्राचीन वास्तुकला के अत्यंत सुन्दररूप आज भी देखने को मिलते हैं। प्राचीनकाल में सुरक्षा की दृष्टि से मांडू के किले का बड़ा महत्व था। इस किले का एक दरवाजा दिल्ली दरवाजा कहलाता है। यहां तक पहुँचने के लिए कई छोटे छोटे द्वार पार करने पड़ते हैं। दूसरा मुख्य द्वार तारापुर दरवाजा कहताला है। इस किले के भीतर लगभग ७४ इमारतों के अवशेष देखने को मिलते हैं। जिनमें १५ इमारतों में जैन कला स्थापत्य के दर्शन होते हैं। मुख्य इमारतें यहाँ के भव्य राजमहल हैं जिनकी रचना बड़े कुशल कारीगरों द्वारा की गई है। महलों की शोभा मुंज, कपूर, चंपा, बाबड़ों आदि अनेक जलाशयों के कारण बहुत बढ़ गई है। हिंडोला महल अद्वितीय है।

ईसवी सन् १३०५ में दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के एक सरदार अहंमुल मुल्क ने मांडू पर अधिकार कर लिया था तब से लेकर पर्याप्त समय तक मांडू दिल्ली सल्तनत के अधीन रहा। सन् १४०५ से १४३२ तक इस किले पर सुल्तान आलमशाह का राज्य रहा। इस सुल्तान के प्रधान मंत्री मंडन थे जो जैन मतावलम्बी थे। मंत्री होने के साथ साथ वे उद्भट विद्वान भी थे। गुजराती भाषा के ग्रंथ "जैन साहित्य का इतिहास" में मंडन के बारे में लिखा गया है "व्याकरण में जागृत नाटक एवं अलंकार का विशेषज्ञ संगीत में अतुल प्रवीण-गम्भीर शस्त्र युक्त मंडन विराजता है।" श्री झझण मंडन के पितामह थे तथा सौनगिरिन्वय के मंत्री कहलाते थे इनके छह पुत्र थे। द्वितीय पुत्र बाहड़ का छोटा पुत्र मंडन था। बाहड़ भी मंडन की भांति संघपति था।

महेश्वर कवि के "काव्य मनोहर" ग्रंथ में मंडन के सम्बन्ध में उल्लेख है कि वह व्याकरण-अलंकार-संगीत-नृत्य-नाट्य तथा अन्यान्य शास्त्रों का महान विद्वान था। मंडन विद्वान एवं गुणी व्यक्तियों से बहुत स्नेह रखता था इनके राज प्रासाद में उत्तमकवि, श्रेष्ठ काव्य, प्रबन्ध, प्राकृत भाषा कथा आदि पर सूक्ष्माति सूक्ष्म प्रस्तुतीकरण करते थे नैयायिक वैशिषिक, महवेदान्त, साम्यप्रभाकर तथा जैन, बौद्ध मत के विद्वानों की प्रायः गोष्ठी हुआ करती थी। गणित, भूगोल, शकुन, प्रश्नभेद, मुहुर्त और वृहद्जातक में निष्णान्त, असाध्य, साध्यादि, रसक्रियाओं में निपुण वैद्य साहित्य विद्, नायक नायिका, भेद के पारखी इनकी सभा में उपस्थित रहते थे। उत्तमोत्तम गायक गायिकाओं, नर्त्तक नृतकियों द्वारा नृत्य प्रदर्शन गायन गोष्ठी, वीणा-वादन गोष्ठी तथा नृत्य नाट्य प्रस्तुत किया जाता था। मंडन की असाधारण संगीत विद्वता से सभी कलावंत मंत्रमुग्ध तथा अवाक् रह जाते थे। मंडन खतर गच्छीय जैन था।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

मंडन ने "सारस्वत मंडन", काव्य मंडन, चम्पू मंडन, कादम्बरी मंडन, चंद्र विजय अलंकार मंडन, शृंगार मंडन, संगीत मंडन, नृत्य नाट्य मंडन उपसर्ग मंडन, कल्पद्रुम स्कंध प्रभृति ग्रंथों की रचना की। इन ग्रथों की प्रमाणिकता एवं मंडन के संगीतिज्ञ होने के प्रमाण स्वरुप डॉ० श्र० परांजपे ने अपने शोध ग्रंथ भारतीय संगीत का इतिहास में डॉ० ए० के० सैन ने अपने शोध प्रबंध "भारतीय तालों का शास्त्रीय विवेचन' (चौखम्बा प्रकाशन) तथा मराठी भाषा के ग्रंथ "भारतीय संगीत" में स्पष्ट एवं प्रमाणिक उल्लेख मिलता है। प्रो० डॉ० एम० एल० कापड़िया ने अपने ग्रंथ "जैन साहित्य नू संगीत उल्लेख अने ग्रंथों" (मुक्ति कमल मोहन प्रकाशन बड़ौदा) में भी मंडन के बारे में लिखा है। संगीत मंडन की हस्तलिखित प्रति के कुछ प्राकृत अंश नीचे अदधृत कर रहा हूँ।

मान्धारगामस्सणं सत्त मुच्छणान पस्य तातं जहाणदीय खुद्दिमापू रिमावं उत्थीय सुद्धगंधारा उत्तर गन्धा शविण पंचमिया हवई मुच्छान ।। ३ ।।

सुठुरत्तर मायामा साबहीणीमम साऽना यथा अह उत्तराण कोली मायसा सत्तमीमुच्छा ।। ४ ।।

सत सराकन संभबन्ति गेयस्स का भवइ जोणी कह समया उस्सासा कइ वा गेयस्स आगारा ।। १ ।।

सत्त सल्णाभीन भवन्ति गीतम चरुत्तजोणीयं पादसमा उस्सासा तिन्नय गेयस्स आगारा ।। २ ।।

आइमिउ आरभन्ता समुछहंताय मज्धगारंभि अवसवि तज्झिवितो तिन्निय गेयस्य आगारा ।। ३ ।।

वछोसे अठगुणे तिन्निय विता उदोय भणियान जोणहि इसोगाहिइ सुसिरिकन रंङ्ग मज्झिमि ।। ४ ।।

पाटण के प्राचीन ग्रंथागार में मंडनकृत हस्तलिखित "संगीत मंडन" की एक प्रति उपलब्ध है। कतिपय विद्वानों का मत है कि इस ग्रथ की रचना १४९० में हुई थी। श्रद्धेय स्व० श्री अगरचन्द नाहटा ने अपने पत्र दिनांक ७-२-७७ में लिखा था कि इसकी रचना १४९० और १५०० के बीच की ही बैठती है। डॉ० उमाकान्त शाह इसकी रचना इससे पहले की मानते हैं। "संगीत गीतोपनिषतसार" की प्रस्तावना में पृष्ठ १२/१२ में मण्डनकृत ग्रन्थावली का परिचय दिया है। डॉ० पी० के गौड ने भी अपने शोध प्रबंध में मण्डन की संगीत प्रियता और निपुणता का उल्लेख किया है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

संगीत मण्डन, नृत्य नाट्य मंडन, चंपूमंडन, संगीत रत्नावली, संगीत सह पिंगल ग्रंथों का प्रमाणिक संदर्भ जैन संस्कृत साहित्य का इतिहास खण्ड १ पृष्ठ १९० तथा जैन सत्य प्रकाश वर्ष १० अंक ८ में भी देखने को मिल सकता है।

मंडनकृत ग्रंथों पर एक अलग से शोध प्रबध संगीत नृत्य नाट्य पर लिखा जा सकता है। शोधकर्मियों, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों के सामने एक मौका है। मैंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को "मण्डन कृत संगीत ग्रथावली और योगदान" विषय पर एक सिनाप्सिस भेजी है ताकि आगे शोध संभावनायें प्रखर हों।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

इस्लाम और शाकाहार

जशकरण डागा, टोंक

१. इस्लाम ने मांस खाने को ही नहीं, हिंसा करने को भी अच्छा नहीं माना है। इसके सुबूत में हज करने के बारे में जो विधान है, वह खासतौर से ध्यान देने योग्य है। जब कोई व्यक्ति हज करने जाता है तो अहराम (सिर पर बाँधने का सफेद कपड़ा) बाँध कर जाता है और जब तक हज नहीं हो जाता, वह उसे बाँधे रहता है। अहराम की स्थिति में हज करने वालों को पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है। इस स्थिति में वह न तो किसी पशु-पक्षी को मार सकता है, न किसी जीवधारी पर ढ़ेला चला सकता है और न ही घास नोंच सकता है। यहाँ तक कि वह किसी हरे-भरे वृक्ष की टहनी/पत्ती तक भी नहीं तोड़ सकता है। इस प्रकार हज करते समय अहिंसा के परिपूर्ण पालन का स्पष्ट विधान है।

२. इतना ही नहीं इस्लाम के पवित्र तीर्थ मक्का-स्थित कस्बे के चारो ओर कई मीलों के घेरे में किसी भी पशु-पक्षी की हत्या करने का निषेध है और हज-काल में हज करने वालों को मद्य-मांस का भी सर्वथा त्याग जरुरी है। इस्लाम में आध्यात्मिक साधना में मांसाहार पूरी तरह वर्जित है, जिसे तर्के हैवानात (जानवर से प्राप्त वस्तु का त्याग) कहते हैं।

३. "यदि तुमने मांस खाया है, तो मेहरबानी कर अन्दर मत आओ" यह चेतावनी किसी हिन्दू अथवा बौद्ध मन्दिर में नहीं, बल्कि एक मुस्लिम दरवेश की समाधि के दर्शन करने वालों को दी जाती है। यह समाधि कर्नाटक राज्य में सुतबर्गा में अल्लंद जाने के मार्ग में ८ किलोमीटर की दूरी पर चौदहवी शताब्दी के मशहूर दरवेश हजरत ख्वाजा बन्दानवाज गौसूदराज के समकालीन दरवेश हजरत शा रुक्नुद्दीन की है, जहाँ सिर्फ शाकाहारी ही दर्शन करने जा सकते हैं।

(तीर्थंकर से साभार)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

क्या अशोक ने संवत् चलाया ?

अभय प्रकाश जैन

सम्राट अशोक अपने काल का सबसे शक्तिशाली राजा था। सभी प्रमुख राजाओं ने अपने अपने संवत् चलाये, लेकिन अशोक संवत् मैंने कहीं नहीं पढ़ा था। मेरे मन में उत्सुकता थी कि अशोक ने अपना संवत् अवश्य चलाया होगा, लेकिन पुष्टि हेतु प्रमाण नहीं मिल पा रहे थे। अशोक से सम्बन्धित साहित्य में काल गणना के कुछ प्रमाण मिले फिर सूत्र पकड़ते पकड़ते "गुप्त संवत्सर" भी "हिमवन्त थेरावली"[1] में मिल ही गया। उसमें लिखा है— निवाण से २३९ वर्ष बीतने पर मगधापति अशोक ने कलिंग पर चढ़ाई की, वहाँ के राजा क्षेमराज को अपनी आज्ञा मनवाकर वहाँ पर अपना गुप्त संवत्सर[2] चलाया।

इस संदर्भ से कम से कम यह तो पता चला कि अशोक ने अपना कोई संवत्सर स्थापित किया था। इस संवत्सर के विषय में "अस्ति नास्ति" के दो पक्ष विचारार्थ सामने आते हैं पहला पक्ष अशोक ने २६० ई० पू० पुराण मतानुसार कलिंग पर क्रूर आक्रमण किया था। उसी वर्ष अशोक की कनिष्ठा महिषी तिष्यरक्षिता ने कुमार 'तिष्य गुप्त" को जन्म दिया प्रतीत होता है। इसी अवसर पर "गुप्त संवत्सर" की संभावना मन को छू लेती है। दूसरा पक्ष अद्यावधि कोई ऐसी सवत् श्रृंखला नहीं मिली, जिसे "गुप्त संवत्", "कृणाल संवत्" या 'अशोक संवत्" नाम दिया जा सके। अतः प्रस्तुत विचार सारिणी को छोड़कर आगे बढ़ते हैं।[3]

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

निरंतर अध्ययन मनन के पश्चात भी मुझे वह विश्वास नहीं होता था कि अशोक ने कोई संवत्सर नहीं चलाया होगा अथवा उसके अनुयायी उनके नाम से "काल गणना" स्थापित नहीं कर पाए। इस बीच मेरी दृष्टि "पपोसा गुहा" अभिलेख पर पड़ी।

उसका पाठ है—

(१) राज्ञो गोपाली पुत्रस (राज्ञः गोपाली पुत्रस्य)
(२) बहसपति मित्रस (बृहस्पति मित्रस्य)
(३) मातुलेन गोपालिया (मातुलेन गोपालिका)
(४) वैहिदरी—पुत्रेन (वैहिदरी पुत्रेण)
(५) आसाढ़ सेने लेनं (आषाढ़ सेनेन लपन)
(६) कारितं ( ) दस (कारितं उदाकस्य दश)
(७) मे सवछरेवपिल (छ') त्र अरहं (ने संवत्सरे कश्शमीयानं अर्हं)
(८) तानं ( ) तानां

द्वितीय —

(१) अहिछत्रायाराजो शोनकायन पुत्र्य बंगयालस्य अहिच्छत्रामा राज्ञः शौन का मन पुत्रस्य बंगपालसा
(२) पुत्रस्य राजो तेवणी पुत्रस्स भागवतस्य पुत्रेण पुत्र्य राज्ञः त्रेवणी पुत्रस्य भागतस्य पुत्रेण
(३) वैहिदरी पुत्रेण आसाढ़ सेनेन कारित (। ।)
वैहिदरी पुत्रेष आसाढ़ सेनेन कारिते (लयनम्) । ।

समूचे अभिलेख पाठ से ज्ञात होता है कि (क) बृहस्पति मित्र के मामा (ख) आषाढ़ सेनेन (ग) दसवें "संवत्सर में "लयन" गुफा का निर्माण कराया अब प्रश्न उठता है बृहस्पति मित्र कौन है। प्रायः शोध विद्वानों का अनुमान है कि हाथी गुफा अभिलेख में चर्चित बृहस्पति मित्र यहाँ वांछनीय है। परन्तु वह बृहस्पति मित्र भी तो अद्यावधि परिचय निरपेक्ष ही रह गया है। इतिहास मनीषी डॉ० काशी प्रसाद जायसवाल ने पुष्प नक्षत्र के अधिपति बृहस्पति को सुत्र मानकर बृहस्पति बृहस्पति मित्र को शुंगवंशी पुष्प मित्र से अभिन्न ठहराया है। इधर डॉ० म. म. मीराशी ने शुखावंशी पुत्रपमित्र के प्रपौत्र ओद्राक के सामान्त बृहस्पति मित्र को खोज निकाला है और उसे 'मित्रकुलोत्पन्न" ठहराते हुये मित्रान्त नामा कुछ एक व्यक्तियों की ओर

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सकेत भी दिया है।[४] अर्थात् बृहस्पति मित्र के अस्तित्व के लिये पूरा का पूरा ढांचा परिकल्पित किया है। मेरे विचार से ये सब अटकलबाजियाँ हैं निराधार अनुमान है।

शुंगवंशी पुष्पमित्र "वृहस्पति मित्र" का नामांतरण है ऐसे उदाहरण अन्यत्र उपलब्ध नहीं हैं जिनके अनुसरण पर यह उड़ान सही मानी जा सके। अतः यह मानना अमान्य है। हमें केवल बृहस्पति मित्र चाहिये, गुरु मित्र या पुष्पमित्र कदापिनहीं। शुगवंशीय ओद्रक के सामंत मित्रान्तसामा व्यक्ति भी यहाँ अभिप्रेत नहीं है। बृहस्पति के गरिमावर्धक "मातुलपद" की सूचना भी तब तक अर्थहीन है तब तक उसका भागनेय निश्चित रूपेण प्रतिष्ठित हो जाय। यहाँ खटक पैदा करने वाली बात यह है कि शुभवंश ब्राह्मण वंश हैं, उनके सामंत भी, जहां रिश्तेदारियां स्थापित की जा सकें ब्राह्मण ही संभाव्य है। ब्राह्मणवंश (राजाया सामंत) बैदिक धर्म को छोड़कर किसी पौसषेय धर्म (जैसे बौद्ध, जैन आदि) को आसानी से अंगीकार नहीं करेगा। यही सोचकर इस स्थापना में सारवता न होने से, इसे स्वीकार करना अतिजटिल हो गया है।

मेरा अपना मत कुछ और है।

मूल पाठ की छठी पंक्ति में अक्षरों के घिसपिट जाने से अपठित स्थान ( ) रिक्त छोड़कर "उदाकस्य" शब्द से उसकी पूर्ति की गई है। यदि पूर्ति करना ही अभिप्रेत है तो उदाकस्य के विकल्प में "अशोकस्य" पद द्वारा रिक्त स्थान भरा जा सकता है। यदि ऐसा संभाव्य है तो पाठ होगा "लयनंकारितं अशोकस्य दशमे सवत्सरे"। पुराणमतानुसार अशोक श्री का निधन[५] सप्तर्षि संवत् १२२६-२१६ ई० पू० के साल में हो गया। चूंकि जैन मत मरणोपरान्त[६] काल गणना में विश्वास करता है अतः यहाँ 'अशोक सवत्" स्वयमेव प्रसांगिक हो जाता है। "अशोकस्य दशमे संवत्सरे" का फलितार्थ होगा ई० पू० २१६-१०=२०६ में आषाढ़ सेन ने अभिलेख तैयार कराया।

अब बृहस्पति मित्र की खोज भी सुगम हो गई है। अशोक पौत्र अर्थात् कुणाल पुत्र "सम्प्रति" दादा की अक्षत आयुष्य में उज्जयिनीश्वर हो गया था सम्प्रति दीर्घायु का था। वीर निर्वाण संवत् ३०० में वह दिवंगत हुआ। निर्वाण संवत् (ई पू० ५२७) ३००-२२७ ई० पू० में उनका निधन जैन शास्त्र सम्मत है। उसके बाद उसका पुत्र "बृहस्पति" उज्जयिनीश्वर[७] बन

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

सका। उसने केवल १३ वर्ष शासन किया, अर्थात् २२७-१३-२१४ ई० पू० तक उसने शासन किया।

(१) २१४ ई० पूर्व से वृहस्पति तथा २०६ ई० पूर्व से आषाढ सेन में वर्तमान काल संगति के आधार पर दोनों करीब-करीब हो जाते हैं।

(२) "वृहस्पति" और "आषाढ़ सेन" के बीच मातुल-भागनेय का सम्बन्ध अब प्रबल तर्कानुप्राणित और गरिमा सूचक है एवं मान्य है।

(३) जन धर्म इन्हें और अधिक निकटता प्रदान करता है। पपोसा गुहा लेख से "अशोक संवत्" को सुदृढ़ विचार भूमि तो अवश्य मिल गई परन्तु विस्तृत प्रयोग क्षेत्र के अभाव में उसे "संवत्सर शृंखला में पिरोया नहीं जा सकता। अब उसका प्रयोग क्षेत्र ढूढ़ते हैं। वह इस प्रकार है—

शिरिक और शिवदिन्ना का लेख

अभिलेख संख्या	स्थान	भाषा	स्थिति
८८	मथुरा	संस्कृत	भग्न

इस अभिलेख में संवत् २९९ का उल्लेख है यह संदर्भ वीर निर्माण संवत् का नहीं है। "महाराजस्य राजातिरजस्य" के वैशिष्ट्य से किसी उच्चत्तर महाराजा का संकेत मिलता है। यह विक्रम संवत् भी नहीं है। प्रायः विद्वान संवत्मा संवत्सा पढ़कर विक्रम संवत् के बारे में सोचने लगते हैं उत्तरोत्तर हो रहे अनुसंधान से ये धारणायें निर्मूक हो गयी हैं। हमारा ध्यान 'राजातिराज" पढ़कर सम्राट अशोक की तरफ जाता है।

जन अनुवाद-सब सिद्धों और अर्हतों को नमस्कार। महाराज और राजातिराज के संवत्सर २०० + ९ + ९० = २९९ के शीतऋतु को दूसरे महीने के पहिले दिन भगवान महावीर की प्रतिमा अर्हत मन्दिर में (इत्यादि)[९]

मेरा अपना सुदृढ़ अनुमान है कि यह संवत् "अशोक संवत्" "२९९ संभाव्य है जिसका ई० साल २९९-२१९ = ८० है।

इतिहास मनीषियों, अनुसंधान करने वालों के सामने एक अवसर हैं कि वे जैन साहित्य का अभीष्ट मथन करके अशोक संवत् पर एक निश्चित सर्वमान्य शोध करें और अमृतत्व को सामने लायें।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

संदर्भ

(१) ५२७-२३९=२८८ ई० पू० का वर्ष अशुद्ध है। महावंश के अनुसार अशोक ने २७६ ई० पू० में राज्य हस्तगत किया और उसका अभिषेक २६८ ई० पू० में हुआ।
(२) अशोक के गुप्त संवत् चलाने की बात ठीक नहीं जंचती। इसी उल्लेख से इसकी अतिप्राचीनता के सम्बन्ध में शंका उत्पन्न होती है।
मुनि श्री कल्याण विजय "वीर निर्वाण संवत् और काल गणना" पृष्ठ १७१
(३) (क) भारतीय अभिलेख-डा० सूबे सिंह राणा पृ०-६४
(ख) जैन शिलालेख संग्रह-११ भाग श्री विजयमूर्ति पृ० १२/१३
(४) सात वाहन वंश और पश्चिमी क्षत्रियों का इतिहास पृष्ठ ४७
(५) षडविंशत् सभा राजा अशोकां भवित्ता नृषु-वायु १९/३३२
(६) वीर निर्वाण संवत् "मौर्यकालेच्छिले" मृते विक्रमराजनि।
(७) दिव्यावदान पृष्ठ ४३३
(८) भारतवर्ष का वृहद इतिहास-भगवद्दत्त द्वितीय भाग पृष्ठ २७३
(९) जैन शिलालेख संग्रह विजयमूर्ति पृ० ५४

एन १४ चेतकपुरी
ग्वालियर ४७४००९

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

स्वर्गीय बाबू प्रभुदास एवं देवकुमार जैन की पुण्य स्मृतियां

लेखक—स्वर्गीय श्री अजित प्रसाद जैन
एडभोकेट, लखनऊ
अनुवादक अतुल कुमार जैन

बाबू देवकुमार जी आरा के एक उच्च, प्रतिष्ठित तथा प्राचीन जमींदार परिवार के वंशज थे। उनके पितामह पं० प्रभुदास जी ने गंगा के तटस्थ भदैनोघाट पर जिन-मंदिर सहित एक विशाल धर्मशाला बनवाई। इसका नाम प्रभुघाट पड़ा। इस मन्दिर का निर्माण १९१३ वीर संवत् में हुआ था। चन्द्रपुरी (बनारस जिले) तथा आरा में भी इन्होंने अनेकों जिन मंदिरों की स्थापना करवाई। वे संस्कृत तथा प्राकृत के प्रकाण्ड पंडित थे। जैन दर्शन पर इनका प्रभुत्व इनके समकालीन पूज्यनीय पं० भागचन्द्र और दौलतरामजी के टक्कर का था। इनका जीवन पवित्र था। पूरे चालीस वर्षों तक ये एकाशना पर ही रहे थे। बाबू देवकुमार जी के पिता बाबू चन्द्रकुमार जी भी धर्मानुरागी थे। उन्होंने कौशाम्बी में एक जिन मंदिर का निर्माण करवाया। अभाग्यवश युवावस्था में ही उनका स्वर्गवास हो गया। इसके पश्चात् पारिवारिक संपत्ति कोर्ट ऑफ वार्डस् की आधीनता में चली गई। वयस्क होने पर बाबू देवकुमार जी ने स्टेट को अपने हाथों

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

में ले लिया। अपने सुचारु प्रबंध से उन्होंने उसकी आशातीत उन्नति की। वे बी० ए० की परीक्षा पूरी न कर सके थे। आप ऑनरेरी मजिस्ट्रेट के पद को बहुत दिनों तक सुशोभित करते रहे। १९०० ई० में एक भयानक पलेग का आक्रमण हुआ। उसी में आपके लघु भ्राता धर्मकुमार जी, जो कि बी० ए० के विद्यार्थी थे, चल बसे। इस असह्य शोक में उनके स्वास्थ्य पर बड़ा धक्का पहुंचाया। वे यों बड़े धार्मिक तथा आध्यात्मिक विचारों से आभूषित थे। भारतवर्ष के प्रत्येक जैन तीर्थ स्थानों का उन्होंने भ्रमण किया तथा हरेक स्थान पर मुक्त-हस्त दान दिया। उनकी दानशीलता चारों ओर फैली हुई थी, केवल स्थानीय क्षेत्रों तक ही सीमित न थी। अपने दानों से न तो वे आत्म-प्रशंसा, उपाधियों और व्यापारिक सुविधायें ही चाहते थे न जनता की दानशील संस्थाओं में अपने नाम के इच्छुक थे।

उन्होंने जैन गजट का, जो कि जैन महासभा का एक अंग है, बहुत दिनों तक संपादन किया।

वे बनारस में स्मरणीय १२ जून १९०५ को उपस्थित थे जब कि भैदनी मन्दिर पर स्याद्वाद-पाठशाला की नींव डाली गई थी। वे इसकी प्रबंध कारिणी समिति के सेक्रेटरी बहुत दिनों तक रहे। उन्होंने इस पूरे धर्मशाला को इस विद्या-मन्दिर के व्यवहार के लिये अर्पण कर दिया। यह विद्या-मन्दिर शीघ्र ही फूलता-फलता एक महाविद्यालय हो गया इसके रोजाना चालू खर्चों के लिये इन्होंने २०/-मासिक दिया। इसी व्यय में सेठ माणिक चन्द जी ने २५/-तथा स्थानीय जैन-भ्रातृ-संघ ने ३०/-मासिक दान दिया।

सेठ माणिक चन्द, ब्र. शीतल प्रसाद, बाबू देवकुमार, मास्टर नानकचंद्र ब्र० मोती लाल तथा दूसरे संस्थापकों का आदर्श ऐसे मनुष्यों के उत्पन्न करने का था जो शंकराचार्य की तरह जैन आचार्य बने और जिन-धर्म प्रचार को अपने जीवन का उद्देश्य बना लें। कुमार देवेन्द्र प्रसाद ने इस कार्य के संपादन हेतु प्राण-पण चेष्टा की। लेकिन उन्हें स्वार्थमय षड्यन्त्रों के कारण इस रास्ते को छोड़ देना पड़ा। ब्र० शीतल प्रसाद जी ने विद्यालय को धर्म-प्रचारकों, वेतन पाने वाले समाज के नौकर नहीं प्रत्युत ऐसे आदमी जो कि अपनी उच्चतर शिक्षा, विस्तृत अध्ययन, मानों की उदारता तथा स्वतंत्रता, विश्वास के बल तथा कार्यक्षमता के कारण जैनियों में आदरणीय हैं, का शिक्षण-स्थल बनाना चाहा। ब्रह्मचारीजी ने कभी भी आर्थिक स्थिति के पहलू पर से ध्यान नहीं हटाया। प्रत्येक साल यहां तक कि अपने

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

जीवन के अंतिम वर्ष तक स्याद्वाद महाविधालय के लिये समय-समय पर बड़ी रकमें दान लेने की व्यवस्था वे करते रहे और प्रत्येक साल उस स्थान से जहाँ ब्रह्मचारी जी वर्षाऋतु में चतुर्मास रखते थे, एक रुपयों की थैली स्याद्वाद विद्यालय को भेंट की जाती थी।

बहुत दिनों तक वे इसकी प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य बने रहे। १९१३ में इन्हें अपने पद-त्याग की अनिवार्यता का अनुभव हुआ जबकि इन्होंने देखा, देवकुमार जी की मृत्यु के पश्चात् स्थानीय सदस्य तथा कुछ दूसरे लोग धीरे-धीरे पूर्णतया उस उद्देश्य को भूल गये जिसे लेकर यह संस्था चली थी और उन्होंने छात्रों को नीच तथा अपमान जनक कार्यों, जैसे जाति के लोगों से आर्थिक सहायता के लिये भिक्षा माँगने, घी के लिये तथा अपने कपड़ों के लिये झगड़ने में प्रोत्साहन दिया जिससे कि उनमें उद्दंडता तथा अवज्ञा के भावों को भी सहायता मिली।

जो मधुर स्वप्न सेठ माणिक चन्द्र, बाबू देवकुमार और ब्रह्मचारी जी ने देखे थे वे सचमुच स्वप्न ही रह गये, उनके वास्तविकता में परिणत होने की कम ही आशा रह गई। अप्रैल १९०८ में बाबू देवकुमार कुण्डलपुर (मध्य प्रांत) में महासभा की एक महत्वपूर्ण अधिवेशन के सभापति हुए। श्रीमत सेठ मोहन लाल (खुरई) चेयरमन और दमोह के बकील गोकुल चन्द्र स्वागत समिति के अध्यक्ष बनाये गये। पं० गोपाल दास स्यादवाद-वारिधि, संपादक जैन मित्र ने १८ अप्रैल के संस्करण में निम्न् प्रकार से अपने विचार प्रकाशित किये थे। कार्यवाही के पहले दिन विषय-समिति के समक्ष-महासभा का एक नियम, अपने उद्देश्य में से एक "धार्मिक तथा शिक्षा की उन्नति" की परिभाषा पर प्रकाश डालता आया। विधावारिधि पं गोपाल दास जी ने, अंत के 'धर्म के विरुद्ध नहीं" शब्द जोड़ने के लिये जोर दिया। शीतल प्रसाद जी ने कहा कि ऐसे भोग की कोई आवश्यकता नहीं। दो घन्टे के घोर विवाद के बाद इस बात का न्याय वोट पर छोड़ दिया गया। शीतल प्रसाद जी अपने प्रस्ताव को प्रतिपादित करने के लिये एकाकी व्यक्ति थ। यह ध्यान देने योग्य बात है कि अपनी बात पर जोर देते समय पं० गोपाल दास जी ने यह कहा कि वे जैन धर्म की मजबूत जड़ के अभाव में स्थल में दी गई, पाश्चात्य शिक्षा के विरुद्ध में है, लेकिन वे इस पक्की जड़ जम जाने के पश्चात् कोई भी शिक्षा नास्तिक हो या अधार्मिक.... के देने में सहमत हैं। अधिवेशन का दूसरा प्रस्ताव यह था कि जैन-युवक संघ जैन दिगम्बर धर्म की उन्नति के उद्देश्य के लिये खोला गया था। इसने

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

अब अपना उद्देश्य बदल लिया था। इसलिये अब यह एक दिगम्बरीय संस्था न रह गई। यह कई जातियों की एक सम्मिलित संस्था हो गई। यह महासभा की एक शाखा नहीं रह गई।

बाबू देवकुमार अपने पुत्र, निर्मल कुमार और चक्रेश्वर कुमार को पाश्चात्य शिक्षा देने के पूर्व जैन साहित्य का अच्छा ज्ञान देना चाहते थे। सचमुच अपनी मृत्यु के १० दिन पूर्व २६ जुलाई को उन्होंने कलकत्ता में धन्नालाल पंडितजी को पं० लालारामजी को ५०/ मासिक तथा रहने के लिये एक मकान घर आरा भेजने के लिये लिखा था। अपने वसीयतनामें से उन्होंने १००००/ की एक मोटी रकम तथा ५००० रुपये सालाना अनेकों संस्थाओं की सहायता के लिये दी।

उनके आदर्श पुत्रों ने परिवार तथा जैन धर्म की कांति तथा गौरव की शान को और भी बढ़ाया। बाबू निर्मलकुमार जी एक प्रसिद्ध व्यवसायी थे और कुछ दिनों तक कौंसिल ऑफ स्टेट के सदस्य भी रह चुके हैं। बाबू चक्रेश्वर कुमार जी को बी० एस० सी०, बी० एल० की उच्च शिक्षा प्राप्त है तथा वे बिहार लेजिस्लेटिव एसेम्बली के सदस्य रहे हैं। दोनों भाइयों ने पारिवारिक दानशीलता में अभी तक कमी नहीं आने दी है, अपने पिता द्वारा निर्मित, धार्मिक शिक्षण और दानशील संस्थाओं को आशातीत उन्नति की है, और पिता के पदचिन्हों पर चलकर तथा अन्य धार्मिक संस्थायें खोलकर और भी अधिक धार्मिक योग्यता प्राप्त कर ली है।

उन्होंने एक सुन्दर भवन का निर्माण किया है जो कि जैन ओरियन्टल लाइब्रेरी या जैन-सिद्धान्त भवन के नाम से प्रसिद्ध है, जिसमें ताड़पत्रों पर सुई की नोंक द्वारा लिखित अक्षरों में लिखे गये मौलिक सचित्र पुराण कला के असाधारण नमूने, यंत्र और सहायक स्थायी साहित्य का एक आश्चर्यजनक पुस्तकालय है।

यह सुभव्य पुस्तकालय तथा म्यूजियम खास सड़क पर स्थित है (और पं० प्रभुदास जी के द्वारा निर्मित मन्दिर के बगल में) है जो समय-समय पर उनके पोतों और परपोतों द्वारा उन्नत होता गया है। वसीयतनामें में निम्नलिखित उद्धृत पंक्तियाँ उनकी धर्म-प्रभावना तथा जैन धर्म की रक्षा, और उसके गौरव की हृदयाकांक्षा को व्यक्त करती हैं।

"जैन भाइयों तथा नेताओं से मेरी अंतिम प्रार्थना यही है कि पुरातन शास्त्रों, पुराणों की रक्षा के लिये शीघ्र से शीघ्र यत्न करना चाहिये। ये ही संसार

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

के सामने जैन धर्म की ज्योति, इसकी उच्चता का प्रसार करेगी तथा उसको चिरस्मरणीय बना सकेगी। मेरे हृदय में यह बात बहुत दिनों से थी। मैंने यह प्रतिज्ञा ली थी कि जबतक यह कार्य पूरा न कर लूंगा तब तक ब्रह्मचर्य जीवन व्यतीत करूंगा। मुझे इसकी हार्दिक वेदना है कि मुझे इस पवित्र कार्य संपादन करने की पवित्र योग्यता पाने का सौभाग्य न हो सका। अब आपको इस पवित्रतम कार्य को पूरा करने का व्रत लेना है। इसलिए इस महत्वपूर्ण आवश्यक कार्य को पूरा करने का उत्तरदायित्व आपके ऊपर है।"

उनकी आखिरी बीमारी साढ़े-तीन महीना तक ठहरी। वे अस्थमा से पीड़ित थे। कलकत्ता में उनको क्लोफार्म देकर एक डाक्टरी ऑपरेशन हुआ। वे सदा धार्मिक शिक्षा, सुख, सहायता तथा साधना के लिए अपने पास वर्णी नेमिसागर जी को रखते थे। उन्होंने वर्णी नेमिसागर जी, मठाधीश भट्टारक श्रवणबेलगोला से सल्लेखना संकल्प सुना जो शांतिपूर्वक शरीर त्याग से संबंध रखता है और सर्जिकल ऑपरेशन के दो घंटे पूर्व संभवतः मृत्यू की तैयारी के लिए इस संकल्प को ले लिया और अपना ध्यान सर्वव्यापी परमात्मा पर स्थिर कर लिया।

चेतना लौटते ही उन्होंने सर्वप्रथम "अरहंत" नाम का उच्चारण किया। उन्होंने सारी शारीरिक पीड़ायें धैर्य तथा मानसिक शांति के साथ सहन की। अपनी मृत्यू का ज्ञान उन्हें छः घंटे पूर्व ही हो गया था। उन्होंने भू शय्या ले ली और उन्हें सल्लेखना संकल्प वर्णी नेमिसागर जी ने दिया जो अविरल रूप से उनके संगीप बैठ स्त्रोतों का पाठ करते रहे जिसे वे हृदय गम करते जाते थे। यह बात उन्होंने यह कहकर प्रकट की कि 'बोलते जाइए। जो आप बोलते हैं उसे मैं समझता हूँ।'

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

साहित्य–समीक्षा

पत्र–परीक्षा–मानवता की धुरी, लेखक नीरज जैन, प्रकाशक सतीश कुमार जैन, मनीशा ट्रस्ट, शान्ति सदन, सतना, द्वितीय संस्करण १९९१ मूल्य पैंतीस रुपया पृष्ठ संख्या १८३

प्रस्तुत पुस्तक अपने नाम को सार्थक करनेवाली है। लेखक ने मनुष्य को नैतिक बनने के लिए प्रेरित किया है। इसी केन्द्र बिन्दु को लक्ष्य बनाकर इस पुस्तक को चार शीर्षकों और अनेक उपशीर्षकों में विभाजित किया है। मानव वादी विचार धारा और सामाजिक दर्शन का पुट प्रस्तुत पुस्तक में प्रचुरता से उपलब्ध है। जैन दर्शन के मूल्य भूत सिद्धान्त अहिंसा और अपरिग्रह को लेखक ने अपनी मौलिक शैली में आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया है।

'अपने अपने कुरुक्षेत्र में' लेखक ने स्वार्थ कुत्सित वासनाओं, दुराग्रह, दुष्पृवृतियों, कुसंस्कारों, असंयम, अज्ञान, अहंकार और ईर्ष्या को कुरुक्षेत्र के युद्ध का कारण माना। इन्हीं कारणों से आजकल प्रत्येक व्यक्ति के अन्तःकरण में महाभारत का दृश्य उपस्थित रहता है। इस बात पर जोर दिया गया है कि कषायजन्य हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, और परिग्रह इन पाँच पाप रूपी ग्रामों के प्रति अनासक्त होने से महाभारत से बचा जा सकता है। यही कारण है कि लेखक ने इन पाँच पाप रूपी ग्रामों की पहचान बतलाई है।

अहिंसा और अपरिग्रह नामक शीर्षक के अन्तर्गत अहिंसा का सूक्ष्म विवेचन विभिन्न भारतीय और पाश्चात्य मनीषियों के विचारों को उधृत करते हुए किया है। सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य इन व्रतों का पालन अहिंसा व्रत का पालन किये बिना सम्भव नहीं है। यही कारण है कि लेखक ने अहिंसा के भेद, अनुप्रेक्षाओं, दश धर्मों, पाँच अणुव्रतों, उनके अतीचारों और भावनाओं का विवेचन किया है।

अपरिग्रह नामक शीर्षक में बतलाया गया है कि परिग्रह पाप को संरक्षण न देने से परिग्रह के प्रति तृष्णा या लिप्सा का अभाव स्वतः हो जाता है। सुख की प्राप्ति परिग्रह के द्वारा कदापि नहीं हो सकती है। इसकी प्राप्ति सन्तोष से ही होती है। इस बात की पुष्टी लेखक ने अनेक उदाहरण द्वारा की है। अपनी इच्छाओं को कम किये बिना सुख सन्तोष की कल्पना करना व्यर्थ है।

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

'विराट् का दर्शन:' दृष्टि की महत्ता नामक शीर्षक में लेखक ने ममकार और अहंकार को ही दु:ख का कारण बतलाया है। इसी प्रसंग में बारह भावनाओं का विवेचन भी उल्लेखनीय है।

प्रस्तुत पुस्तक की भाषा सरल सुबोध सरस और आकर्षक है। धार्मिक एव दार्शनिक तत्त्वों का विश्लेषण देखकर प्रस्तुत पुस्तक की शैली की तुलना ज्ञातृधर्म कथा से की जा सकती है। मानवता की धुरी के द्वारा जहाँ एक ओर नैतिकता का प्रचार होगा वहीं दूसरी ओर सद्जीवन के निर्माण की प्रेरणा प्राप्त होगी। लेखक की यह कृति उसे अमर बनाने के लिए पर्याप्त है। अत: लेखक एवं प्रकाशक बधाई के सुपात्र हैं। पुस्तक की छपाई तथा मुख पृष्ठ की साज सज्जा आदि आकर्षक है।

प्राकृत एवं जैन शोध-सन्दर्भ। लेखक डॉ० कपूरचन्द्र जैन, अध्यक्ष संस्कृत विभाग श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय खतौली (यू० पी०) प्रकाशक श्री कैलाश चन्द्र जैन, स्मृति न्यास खतौली, द्वितीय संस्करण १९९१, मूल्य साठ रुपये, पृष्ठ संख्या ३३+१३०

बीसवीं शताब्दी में प्राकृत एवं जैन साहित्य का विशेष रूप से जैन धर्म-दर्शन में देश के विभिन्न विश्व विद्यालयों में अनुसंधान हुए हैं। विषयों की सही जानकारी न होने के कारण गवेषण-कर्त्ताओं ने एक ही विषय पर विभिन्न स्थानों में कई शोध प्रबन्ध लिखें हैं। फलत: एक ऐसे संकलन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिससे देश-विदेश में प्राकृत एवं जैन विद्या पर हो रहे शोध कार्यों की जानकारी हो सके। इस दिशा में डॉ० गोकुल चन्द्र जैन ने भारतीय ज्ञानपीठ पत्रिका के द्वारा उक्त जानकारी देने का सर्व प्रथम प्रयास किया था। डा० कपूरचन्द जैन ने प्राकृत एवं जैन विद्या शोध-संदर्भ के द्वारा उक्त आवश्यकता की पूर्ति की।

प्रस्तुत पुस्तक शोध निदेशकों एव शोध कर्त्ताओं के लिए एक पथ प्रदर्शिका के रूप में उपयोगी सिद्ध होगी। लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक को तीन भागों में विभाजित किया है। भूमिका के अन्तर्गत देश के ६३ विश्वविद्यालयों, प्रकाशकों, निदेशकों, प्राकृत, अपभ्रंश एवं जैन विद्याओं पर शोध कार्य कराने वाले ३४ भारतीय शोध केन्द्रों की परिचायात्मक सूची दी है।

इसके पश्चात् प्राकृत भाषा एवं साहित्य, अपभ्रंश भाषा एवं साहित्य संस्कृत भाषा एवं साहित्य के अतिरिक्त विभिन्न भारतीय भाषाओं में रचित जैन साहित्य पर हुए शोध प्रबधों का दिग्दर्शन कराया है। जैन आगम, जैन न्याय-दर्शन पुराण, जैन नीति आचार, धर्म-योग, इतिहास संस्कृति कला एवं पुरातत्व से सम्बन्धित अब तक हुए शोध प्रबन्धों का विवरण भी उपलब्ध है। इसके पश्चात् जैन-बौद्ध

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

तुलनात्मक अध्ययन जैन-वैदिक तुलनात्मक अध्ययन, जैन राम कथा साहित्य, जैन विज्ञान एवं गणित व्यक्तित्व, एवं कृत्तित्व जैन समाज शास्त्र, जैन अर्थशास्त्र, जैन शिक्षा शास्त्र, जैन राजनीति तथा जैन मनोविज्ञान एव भूगोल पर लिखे गये शोध प्रबन्धों का परिचयात्मक उल्लेख किया गया है।

पुस्तक का अंतिम भाग परिशिष्ट के रूप में उपलब्ध है। इसमें विदेशों में जैन विद्या पर हुए शोध कार्यों का उल्लेख किया गया है। इस भाग में कतिपय ऐसे जैन विद्या में शोध योग्य विषयों का उल्लेख किया गया है जिन पर शोध प्रबन्ध लिखे जा सकते हैं। अन्त में शोध कर्तृ नामानुक्रमणिका भी दी है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है।

निश्चय ही लेखक ने प्राकृत एवं जैन विद्या शोध सन्दर्भ के रूप में महत्वपूर्ण कार्य किया है। लेकिन प्रस्तुत पुस्तक में कतिपय शोध प्रबन्धों के विषय में असत्य जानकारी खटकती हैं, जैसे जैन लालचन्द्र द्वारा लिखित "जैन दर्शन में आत्म-विचार: तुलनात्मक और समीक्षात्मक अध्ययन, १९७७ का प्रकाशन १९८४ में पी० वी० रिसर्च इन्सटीच्यूट वाराणसी द्वारा हुआ है। लेकिन प्रस्तुत पुस्तक में १९७९ में प्रकाशित एवं प्रकाशित संस्था का नाम प्राकृत शोध सस्थान वैशाली दिया गया है। इसी प्रकार सूरिदेव श्री रंजन का शोध प्रबन्ध अद्यतन अप्रकाशित हैं लेकिन १९९१ में ही प्रकाशित होने की सूचना दी गई है। पुस्तक की छपाई आदि साफ स्वच्छ है। लेखक एवं प्रकाशक निश्चय ही बधाई के पात्र हैं।—**जैनमती जैन एम० ए० आरा।**

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

THE JAINA ANTIQUARY

VOL 44 December 1991 No. 1-2

❀

"श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥"

Editorial Board

Dr. Kastur Chand Kashliwal **Dr. Rajaram Jain**
Dr. Aditya Prachandiya, **Dr. ShashiKant**
Dr. Rishabha Chandra Fouzdar

Published by

Ajay Kumar Jain, Secretary

Shri Devkumar Jain Oriental Research Institute
SHRI JAIN SIDDHANT BHAWAN
ARRAH, BIHAR (INDIA)

❀

ANNUAL SUBSCRIPTION

Inland Rs. 50/-] [Foreign Rs. 75/-

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

CONTENTS

BOOK-LET

1 Copies of correspondence
betwee
year 1983 to 1988
rearding
Emergence of Janakpur (Nepal)
as an important Jain Teerth
(Place of Pilgrimage)
—Subodh Kumar Jain — 1—53

ARTICLES

1 Jainism in Nepal — Nepal Jain parishad — 1—4

2 An alliance between religion and conservation
—By L. K. Sharma — 5—8

FOREWORD & AUTHOR INDEX

1 Shree Jain Siddhant Bhawan
Granthavali Vol. I
Foreword
—Naseem Akhtar — 9—10
&
Author Index
—Dr. Rishabha Chandra Fouzdar 1—4

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

Emergence of Janakpur (Nepal) as an important Jain Teerth (Place of Pilgrimage)

Subodh Kumar Jain

Janakpur (Nepal) the first place of Pilgrimage for the Jains in a foreign country is the Birth place of Teerthankar Malli Nath and Teerthankar Nemi Nath.

On 21st May 1983 I posted a memorial in English addressed to his Imperial Majesty Sri Maharajadhiraj of Nepal for the grant of a piece of land at Janakpur (Nepal) for the construction of a memorial and a tourist rest house in the memory of the two Teerthankars Lord Malli Nath and Lord Nemi Nath who were born there. In this matter active help was extended to me by

(i) Sri M. K. Koirala, Ex. Prime Minister of Nepal.
(ii) The Chairman of Guthi Sasthan (Nepal Govt)
(iii) The Principal Secretary of his Majesty of Nepal.
(iv) Sri Hulas Chand Golcha, President of Nepal Jain Sangh.
(v) Sri Pratap Singh Vaid, Ex-chairman Bharat Jain Mahamandal &
(vi) Late Sri M. K. Jain of Shakahar Sangh, Delhi.

Each of the above persons and bodies had their own role in the achievement of the object and we are obliged to them for what they did for this pious cause.

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

The Gov't of Nepal ultimately accepted our request for free allotment of land at Janakpur for the construction of a memorial Temple and Guest house complex.

Janakpur Kshtera where Raja Janak and her daughter Sita lived are equally respected by Hindus and Jains as mentioned in hundred of Ramayans written by the devotees of both the sects from time to time.

The documents have yet to be exchanged between us and the Guthi Sansthan of the Gov't of Nepal. I have no doubt, now, that the same would also be done by his Majesty's Gov't of Nepal. Ties of friendship are growing with the passage of time between India and Nepal.

The following first bunch of letters will tell the story, and posterity will ever remember these good people and his Imperial Majesty Sri Maharajadhiraj of Nepal.

So the first bunch of letters are printed over leaf and 2nd and last bunch of letters will be published after the work starts at the sight at Janakpur.

●

Subodh Kumar Jain DEVASHRAM. ARRAH 802 301

Date 21st May '83

To,

His Imperial Majesty Shri Maharajdhiraj of Nepal,
Nepal Rajdarbar, Kathmandu,
NEPAL.

Subject :—The humble memorundum on behalf of the Jain Community of India.

May it please your Imperial Majesty,

I, on behalf of the Jain community of India, have the honour to submit here with this memorundum for favour of your Imperial Majesty's very kind consideration and favourable decision,

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

1. Janakpur, the holy place, situated in Nepal Tarai, under the domain of your Imperial Majesty, is also considered to be a place of Pilgrimage of the Jain Community.

2. The twentyfour Tirthankaras of the Jain religion (community) are considerd to be most worshipful by the members of the Jain community, the first of whom was Shri Adinath Rishav Dev and the last one was Lord Mahavir.

3. Lord Malli Nath a nd Lord Nemi Nath, the two Jain Tirthankars were both born at Janakpur, while Lord Mahavir, the last of the Tirthankars was born at Vaishali in north Bihar.

4. The Government of Bihar and the Government of India have taken very keen and active interest in establishing a momorial of Lord Mahavir at his birth place, Vaishali in North Bihar. On the 24th April 1983 a meeting was held under the presidentship of the Governor of Bihar at Patna Raj Bhawan, where in a semi-official committee was consituted with the Governer of Bihar as its president. A scheme of rupees fifteen lacs were approved for the construction of a suitable memorial, out of which the government of Bihar has kindly agreed to contribute rupees three lacs.

5. A free gift of land was made for the costruction of the proposed memorial, and the first President of India, Rashtrapati Dr. Rajendra Prasad very kindly laid the foundation stone of the proposed memorial on that gifted piece of land.

This humble memorialist now very respectfully submits to your Imperial majesty :

(1) To kindly sanction a suitable piece of free lease land at Janakpur for the estalishment of a suitable memorial, a temple and tourist rest houses at Janakpur in honour of the memory of the above mentioned two Tirthankaras, Lord Malli Nath and Lord Nemi Nath.

(2) Your Imperial Majesty will be pleased to apperciate that this is going to be the first place of pligrimage for all the members of the Jain community in Nepal, and we have no doubt that hundreds and thousands

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

of Jain pilgrims will be visiting this place for worship of their aforesaid two Tirthankaras every year. The number of pilgrims are bound to increase with the passage of time as well as due to the popularity of the recently opened Ganga bridge atP atna.

Your humble memorialist has very great respect for the most liberal views of Imperial Majesty for the members of all the religions and communities. The members of our community will be most happy and grateful, if called for to meet your Imperial Majesty in person to explain all that your Imperial Majesty would like to know in this respect.

I have the honour to remain,
Your Imperial Majesty's most faithful memorialist,
Sd/-
(SUBODH KUMAR JAIN)
Devashram, Mahadeva Road,
ARRAH-802301,

Copy forwarded to the Chairman, Vishwa Hindu Sammelan, Ved Vidyashram, Ganbahal, Kathmandu, Nepal.
Shri Hulas C. Golcha, Golcha House, Ganabagal, Kathmandu Nepal,
Shri Pratap Chnd Vaid, Mahabir Auto Parts, Mahavir Bhawan, Lal Market, Siliguri, West Bengal
for favour of information and necessary action.

Sd/-
(SUBODH KUMAR JAIN)

Ac. Gunratnasuri MS Jin Gun Aradhak Trust

The 21st May, 1983

My dear Shri Pratap Singh Ji,

